चैत्र शुक्ल पक्ष- 7, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 299 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

15 अप्रैल 2024 सोमवार

**आज का मौसम**

36 अधिकतम

23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## दबाव की बातः 21 पूर्व जजों ने सीजेआई को लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

देश के 21 पूर्व जजों ने सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ को चिट्ठी लिखकर न्यायपालिका पर अनुचित दबाव का जिक्र किया है। चीफ जस्टिस को खत लिखने वाले 21 जजों में 17 हाईकोर्ट के पूर्व जज और 4 सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज शामिल हैं। जजों ने कहा है कि कुछ लोग गलत जानकारी फैलाकर और दबाव डालकर न्यायपालिका को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। ये लोग अपने राजनीतिक फायदे के लिए ऐसा कर रहे हैं। इस वजह से लोगों का भरोसा कोर्ट-कचहरी पर कम हो रहा है।



पत्र में 21 पूर्व जजों ने लिखा कि हमपर कुछ गुटों की ओर से अनुचित दबाव के साथ गलत सूचना और सार्वजनिक अपमान के माध्यम से न्यायपालिका को कमजोर करने का प्रयास हो रहा है, हम विशेष रूप से गलत सूचना की रणनीति और न्यायपालिका के खिलाफ जनता की भावनाओं के बारे में चिंतित हैं।

## सलमान के घर गोली चलाने वाला लारेंस गैंग का गुर्गा

**मुंबई, एजेंसी।**

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोली चलाने के मामले में गैंगस्टर गोल्डी बराड़ और लॉरेंस बिश्नोई गैंग का हाथ सामने आया है। जो सीसीटीवी फुटेज पुलिस को मिला है उसमें दिख रहे व्यक्ति का चेहरा विशाल राहुल उर्फ कालू से मिल रहा है जो इसी गैंग का शूटर है। आशंका जताई जा रही है कि गोली उसी ने चलाई है। कालू ही लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा हुआ है और एक बुकी का कत्ल कर सुर्खियों में आया था। उधर मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कालू की बहन ने कहा है कि बीते फरवरी महीने से उसका भाई घर से गायब है और उससे उसका कोई संपर्क नहीं है। ज्ञात हो कि कल सुबह पांच बजे मुंबई में सलमान के घर पर बाइक सवार लोगों ने गोली चलाई थी, यह गोली घर के अंदर गिरी हैं।



### पहले चरण के चुनाव प्रचार की दौड़ धूप में जुटे नेता और उम्मीदवार...

# मप्र में 6 सीटों के लिए काउंटडाउन शुरू प्रचार के लिए यादवलैंड पहुंचेंगे सीएम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में पहले चरण की 6 सीटों के लिए चुनाव प्रचार समाप्त होने में बमुश्किल 40 घंटे बचे हैं। लिहाजा भाजपा व कांग्रेस के नेताओं तथा उम्मीदवारों ने दौड़धूप तेज कर दी है। वही आज मुख्यमंत्री मोहन यादव ने तीसरे चरण की राजगढ सीट पर पहुंचकर भाजपा उम्मीदवार रोडमल नागर का पर्चा दाखिल कराया। इस बार नागर का मुकाबला कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह से हो रहा है जो करीब 33 साल बाद अपने क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। राजगढ के बाद यादव उप्र के यादवलेंड के लिये रवाना होंगे। जहां वे मैनपुरी में भाजपा उम्मीदवार के लिये सभा करेंगे हालांकि राजगढ रवाना होने से पहले यादव ने भोपाल में मीडिया से बातचीत में भाजपा के संकल्प पत्र की विशेषता बताई और कहा भविष्य के कामकाज पर भी बात की।

### हर लोसक्षेत्र में मेडिकल कॉलेज

सीएम यादव ने मीडिया से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के चलते मप्र के हजारो बेघर लोगों को स्वयं का घर मिल गया है। इस पीएम आवास योजना में गांव व शहरी लोगों को फायदा मिला है। उन्होने कहा अब शहरों को सुनियोजित तरीके सेविकसित करने की जिम्मेदारी भी है। जरूरी यह भी है कि सभी शहरों का समान विकास हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले 2 साल के अंदर हर लोकसभा क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज देने की कोशिश हम कर रहे हैं। प्रदेश में 4 करोड़ लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए हैं। संकल्प पत्र में अब बड़ा निर्णय यह है कि 70 साल से ज्यादा आयु के सभी लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ देने का संकल्प लिया गया है। मप्र भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि मप्र के 26 हजार लोगों के इसमें सुझाव मिले थे। इस दौरान मप्र चिकित्सा प्रकोष्ठ ने 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को निशुल्क उपचार का सुझाव भी शामिल है।

**संकल्पों की ब्रांडिंग**




## खजुराहो में प्रजापति अब 'इंडिया' उम्मीदवार, कांग्रेस ने दिया समर्थन

**वीडी के क्षेत्र में राहुल अखिलेश करेंगे रोड शो**

खजुराहो लोकसभा क्षेत्र को गठबंधन के तहत सपा के लिये छोडने वाली कांग्रेस ने अब सपा नेता मीरा यादव का नामांकन निरस्त होने के बाद गठबंधन के एक अन्य सहयोगी दल ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी आरबी प्रजापति को समर्थन देने का फैसला किया है। राहुल गांधी व अखिलेश यादव समेत यहां रोड शो करने आएंगे। सपा अध्यक्ष मनोज यादव और कांग्रेस प्रावक्ता मुकेश नायक ने कहा कि आल इंडिया फारवर्ड ब्लाक के आरबी प्रजापति खजुराहो चुनाव में उम्मीदवार होंगे। उल्लेखनीय है फारवर्ड ब्लाक इंडिया गठबंधन में शामिल है। वे संयुक्त उम्मीदवार होंगे यहां से भाजपा के अध्यक्ष वीडी शर्मा चुनाव लड़ रहे हैं और गठबंधन की इस गफलत के चलते उनकी क्षेत्र में स्थिति मजबूत हो गई है। खजुराहो सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होगा।

### भाजपा नेता की महिला मंत्री को सलाहः एक्स्ट्रा पैग लेकर सोएं

उधर कर्नाटक भाजपा नेता संजय पाटिल ने कांग्रेस नेता और राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर को एक ऐसा सुझाव दिया जिससे सियासी बवाल मच गया है। पाटिल ने लक्ष्मी हेब्बालकर को रात में अच्छी नींद के लिए 'एक अतिरिक्त पैग' लेने का सुझाव दिया। पाटिल ने कहा कि कर्नाटक में भाजपा के उदय से हेब्बालकर को बहुत चिंता होगी और मैं उन्हें सुझाव देता हूं कि वह 'रात में अच्छी नींद पाने के लिए एक नींद की गोली या एक एक्स्ट्रा पैग' लें क्योंकि बेलगावी में बड़ी संख्या में महिलाएं भाजपा के समर्थन में सामने आ रही हैं।

## 'वॉर' की फिक्र में डूबा शेयर बाजार सेंसेक्स 800 अंक टूटा, निफ्टी नीचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

कारोबारी सप्ताह के पहले दिन जिस बात की आशंका थी, आखिर वही हुआ। आज बाजार में भारी बिकवाली दिखी। जबकि प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स सेसेक्स और निफ्टी बुरी तरह फिसल गए। सोमवार को सेंसेक्स और निफ्टी पर ईरान और इस्राइल के बीच बढ़ रहे तनाव (वॉर) का असर साफ-साफ दिख रहा है। शुरुआती कारोबार एकबारगी तो अप्रभावित नजर आया लेकिन जल्द ही सेंसेक्स करीब 800 अंकों से अधिक फिसल गए। वहीं निफ्टी भी 22300 से नीचे पहुंच गया। सेंसेक्स 757.55 अंकों जबकि निफ्टी 242 पर टूटकर कारोबार करता दिखा। शुरुआती कारोबार में टाटा स्टील और सन फार्मा के शेयरों में दो-दो प्रतिशत की गिरावट दिखी।



### मार्केट कैप 6 लाख करोड़ रुपए घटा

भारतीय बेंचमार्क इक्विटी सूचकांकों ने सोमवार को सप्ताह की शुरुआत लाल निशान पर की। एशियाई बाजारों में गिरावट के बाद भारतीय बाजार लाल निशान पर खुले क्योंकि सप्ताहांत में इजरायल पर ईरान के जवाबी हमले के बाद निवेशकों की धारणा कमजोर हुई है। इससे व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष की आशंका बढ़ गई है। इस बीच, बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 5 लाख करोड़ रुपये घटकर 393.68 लाख करोड़ रुपये रह गया।

## भारत के एक और दुश्मन का पाक में काम तमाम

**सरबजीत के हत्यारे को हमलावरों ने घर में घुसकर गोली मारी**

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

पाकिस्तान की जेल में सजा काट रहे भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह का मामला और मौत काफी चर्चा में रही थी। अब फिर सरबजीत की हत्या का मामला 11 साल बाद चर्चा में है, क्योंकि उन्हें तड़पा-तड़पाकर मौत के घाट उतारने वाले आंतकी हाफिज सईद के बेहद खास अमीर सरफराज तांबा को 'अज्ञात हमलावरों' ने पाकिस्तान में गोलियों से भून डाला है। तांबा पर जब अटैक हुआ, तब वह अपने घर में ही बैठा हुआ था। दो हमलावर बाइक पर आए और उन्होंने दरवाजा खोलते ही अमीर सरफराज को गोलियों से भून डाला। गोलीबारी में अमीर सरफराज को 3 गोलियां लगीं और उसकी मौत हो गई। सरफराज तांबा का घर लाहौर के घनी आबादी वाले इलाके सनंत नगर में है। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया था जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।



**11 साल बाद....** सरबजीत की ग्यारह साल पहले आईएसआई के इशारे पर जेल में हत्या कर दी गई थी। साल 2013 में सरबजीत पर जेल के अंदर हमला हुआ था। पाकिस्तान की कोट लखपत जेल में हाफिज सईद के करीबी अमीर सरफराज तांबा ने ही पॉलीथीन से गला घोंटकर और पीट-पीटकर सरबजीत को मौत के घाट उतार दिया था। उल्लेखनीय है कि सरबजीत भारत-पाकिस्तान सीमा पर बसे तरनतारन जिले के भिखीविंड गांव के रहने वाला किसान था और 90 में वह अनजाने में पाकिस्तानी सीमा में पहुंच गया था। पाकिस्तानी जेल से उसने एक बार पत्र भेजकर कहा था कि महीनों तक खाने में कुछ मिलाकर दिया गया जिससे शरीर गलने लगा है।


## नर्मदा पाइप लाइन फूटी तो सड़क, घर हुए क्षतिग्रसत

**महू, एजेंसी।**

इंदौर के समीप महू तहसील के ग्राम बरखेड़ा से गुजर रही नर्मदा के दूसरे फेज की 48 साल पुरानी पाइप लाइन देर रात जोरदार विस्फोट के साथ फूट गई। जिससे करीब 10 लाख लीटर पानी बहा। पानी का बहाव इतना तेज था कि गांव के करीब 6 घर क्षतिग्रस्त हो गए। इसमें तीन घर पूरी तरह ढह गए। वहीं 4 घरों में सामान्य नुकसान हुआ है। गांव की सड़क का बड़ा हिस्सा भी बह गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद तहसीलदार विवेक सोनी, इंदौर नगर निगम डिप्टी कमश्निर अभिलाष मिश्रा, पीएचई विभाग इंजीनियर दीपक प्रेमी सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।



## जहाज पर बंधक भारतीयों से मिलने की मंजूरी दी इरान ने




**नई दिल्ली, एजेंसी।**

इस्राइल-ईरान तनाव के बीच भारत के लिए राहत की खबर है कि ईरानी विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियान ने जल्द ही भारत के अधिकारियों को उसके 17 लोगों से मुलाकात करने की अनुमति देने की बात कही है। दरअसल, ईरान की नौसेना ने हाल ही में इस्राइल के अरबपति इयाल ओफर का मालवाहक जहाज अपने कब्जे में ले लिया था। इस जहाज पर 17 भारतीय भी सवार थे। इन लोगों की सुरक्षित वापसी के लिए कल भारतीय विदेश मंत्री ने ईरान के विदेश मंत्री से बातचीत की थी।

**मेट्रो एंकर**

### आईपीएल में मुबंई इंडियंस टीम की बर्बादी के आसार, भड़के हुए हैं फैंस...

# अपने को छोड़कर पड़ोसी को गले लगाना पड़ा भारी

**मुबंई, एजेंसी।**

आईपीएल के रोमांचक मैच में कल रात धोनी की चैन्ने टीम के हाथों मुंबई की हार्दिक पांड्या ब्रिगेड की हार से फिर क्रिकेट प्रेमियों ने पांड्या के साथ टीम प्रबंधन की क्लास लगाना शुरू कर दी है। इससे पहले भी मुबंई के क्रिकेट फैंन्स ने मैदान पर ही हार्दिक को जमकर हूट किया है। दरअसल आलम कुछ इस तरह ही है कि घरवालों से लड़कर लव मैरिज की और पहले दिन से ही लवर बेवफा निकल गया। अब समझ नहीं आ रहा कि क्या करें, किसके पास जाएं। दरअसल पांच बार मुंबई को आईपीएल चैंपियन बनाने वाले कप्तान रोहित शर्मा को अचानक हटाकर हार्दिक को गुजरात टीम से लेकर कप्तान बना दिया गया है। इससे फैंस, टीम, क्रिकेट विशेषज्ञों से निराशा झेल रहे मुंबई इंडियंस के लिए अब यह कहा जा रहा है कि उसने हीरे की इज्जत नहीं की और गलती से कोयले (रोहित की कप्तानी की तुलना में) को मुंह लगा लिया। मुंहमांगी कीमत पर टीम में आए हार्दिक पंड्या के नेतृत्व में मुबंई टीम की इस टूर्नामेंट में बुरी गत बन रही है।

उल्लेखनीय है कि आईपीएल 2022 में खराब प्रदर्शन के बाद मुंबई इंडियंस ने बिना जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या के 2023 में बेहतरीन वापसी की थी। बेहद कमजोर गेंदबाजी लाइनअप के साथ भी टीम प्लेऑफ तक पहुंची। इसके बाद आईपीएल 2024 की नीलामी से ठीक पहले फ्रेंचाइजी ने एक के बाद एक कई अजीबोगरीब फैसले लिये। पहले हार्दिक पंड्या गुजरात से ट्रांसफर होकर मुंबई आए। इसके लिए पिछले सीजन शतक ठोकने वाले कैमरून ग्रीन को ट्रेड करना पड़ा। फिर 5 बार चैंपियन बनाने वाले कप्तान रोहित शर्मा को हटाकर हार्दिक को कमान दे दी गई।





### सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स घटे

रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाए जाने से ज्यादा नाराजगी उसके तरीके पर थी। 5 बार टीम को आईपीएल चैंपियन बनाने वाले रोहित ने कप्तानी छोड़ी नहीं, उन्हें फ्रेंचाइजी ने हटा दिया। फैंस ने सोशल मीडिया पर मुंबई को खूब ट्रोल किया। इंस्टाग्राम पर फ्रेंचाइजी के लाखों फॉलोअर्स घट गए। नए कप्तान की घोषणा के बाद कई दिनों तक मुंबई की तरफ से इंस्टाग्राम अकाउंट पर कोई पोस्ट नहीं आया। टीम के किसी खिलाड़ी ने हार्दिक को कप्तानी मिलने वाले पोस्ट को लाइक तक नहीं किया।

**दोनों 'कप्तानों' का जोरदार प्रदर्शनः** कल रात के मैच में एक बात जरूर लोगों को जंची कि चैन्ने की कप्तानी छोडने वाले महेंद्र सिंह धोनी ने कल आखिरी चार गेंदों पर निर्णायक बीस रन बनाकर व टीम को सही गाइडेंस देकर जिता दिया। वहीं मुबंई की हार के बावजूद पूर्व कप्तान रोहित शर्मा आखिरी तक किला लड़ाते रहे और शतक तक ठोका।




भोपाल के विट्टन मार्केट मैदान में पंजाबी समाज द्वारा बैसाखी मेले का आयोजन किया गया।




भोपाल के गोलखेड़ी में हनुमंत महायज्ञ का हुआ आयोजन।

# जेपी अस्पताल में अब वायरल रोगियों को मास्क अनिवार्य, तभी मिलेगा इलाज

## वायरल संक्रमण के बढ़ते खतरे को देखते हुए प्रबंधन ने की पहल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के जेपी अस्पताल में अब वायरल रोगियों को मास्क अनिवार्य होगा। खांसी, जुकाम, बुखार, गले में खराश, सीने में जलन जैसे लक्षणों के साथ पहुंचने वाले मरीजों को पंजीयन के दौरान ही मास्क दिया जाएगा। अगर इसके बाद भी मरीज ने मास्क नहीं पहना तो उसे इलाज नहीं मिलेगा। यह नियम सोमवार से अस्पताल में लागू हो जाएगा। बता दें कि इस पहल से कोरोना वायरस का लेना देना नहीं है। कोरोना के टेस्ट नेगेटिव आ रहे हैं। दरअसल, मौसम में बदलाव से वायरल संक्रमण के बढ़ते खतरे को देखते हुए जेपी अस्पताल के प्रबंधन ने यह नई पहल शुरू की है। इस संबंध में सिविल सर्जन कार्यालय से दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि अस्पताल में वायरल फीवर के मरीज एक दिन में 40 मरीज आ रहे हैं। इसलिए वायरल रोगियों को पंजीयन के दौरान ही मास्क दिए जाएंगे, जिससे अस्पताल में आए अन्य मरीजों व कार्यरत स्टाफ इन रोगों की चपेट में न आए। यदि हर व्यक्ति खुद से ऐसे एहतियात बरते तो वायरल और फैलने वाले रोगों को सीमित किया जा सकता है।



### संक्रमित व्यक्ति से वायरल रोग से फैलता है

दरअसल, सोमवार को मौसम में लगातार हो रहे बदलावों के सिलसिले को पूरा एक सप्ताह बीत जाएगा। इतना समय बैक्टीरिया व वायरस के वातावरण में एक्टिव होने के लिए पर्याप्त है। यही नहीं इस मौसम में एक संक्रमित व्यक्ति से वायरल रोग तेजी से उसके संपर्क में आने वाले व्यक्तियों में फैलता है। वायरल रोग संक्रमित के शारीरिक तरल पदार्थ के संपर्क में आने के कारण होता है। जब मरीज जम्हाई लेता है, छींकता है, खांसता है या यहां तक बात करता है तो भी उसके शरीर से तरल पदार्थों की छोटी छोटी फुहारें निकलती हैं। यह आसपास के लोगों में सांस की नली के द्वारा प्रवेश कर जाती हैं। जिससे स्वस्थ व्यक्ति भी संक्रमण की चपेट में आ जाता है।

## सामाजिक संगठन रेलवे स्टेशनों पर निःशुल्क पेयजल व्यवस्था की ले सकते हैं जिम्मेदारी

# 10 सामाजिक संगठनों की मदद से स्टेशनों पर यात्रियों की प्यास बुझा रहा रेलवे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सामाजिक संगठन रेलवे स्टेशनों पर पेयजल व्यवस्था में हाथ बंटा सकते हैं। अभी 10 सामाजिक संगठनों ने यह बीड़ा उठाया है। ये भोपाल रेल मंडल के संत हिरदाराम नगर, खिरकिया, हरदा, नर्मदापुरम, विदिशा, गंजबासौदा, मंडी बामोरा, अशोक नगर और गुना रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की प्यास बुझाने में मदद कर रहे हैं।

असल में ट्रेनों पर भी रेलवे ने पानी के माकूल इंतजाम कर रखे हैं लेकिन इन दिनों ट्रेनें फुल चल रही हैं। यात्रियों के लिए प्लेटफार्म तक पहुंचना मुश्किल होता है। ऐसे में पानी खरीदकर पीना ही एकमात्र विकल्प बचता है। कई यात्री इस व्यवस्था का लाभ नहीं ले सकते, जिसकी कई वजह है। ऐसे यात्रियों को किसी न किसी मदद का इंतजार रहता है।

इन यात्रियों की मदद के लिए रेलवे सामाजिक संगठनों से मदद लेता है। खासकर गर्मी के दिनों में हमेशा ही यह मदद ली जाती है। रेलवे ने आव्हान किया है जो भी सामाजिक संगठन रेलवे स्टेशनों पर पानी पिलाने की व्यवस्था में सहयोग देना चाहता है उसे रेलवे की ओर से हर संभव मदद की जाएगी।

### संगठनों के काम से दूसरे यात्रियों को भी मिलती है राहत



सामाजिक संगठनों द्वारा ट्रेनों में जिन यात्रियों को पानी पिलाने का काम किया जा रहा है, उससे दूसरे यात्रियों को भी मदद मिलती है। रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि जब भीड़ वाली ट्रेन से कोई यात्री सिर्फ पानी लेने के लिए प्लेटफार्म पर उतरता है तो उसकी वजह से ट्रेनों में बैठे अन्य यात्रियों को परेशानी होती है। प्लेटफार्मों पर भी भीड़ का दबाव बढ़ जाता है। कई बार तो धक्का–मुक्की की स्थिति बन जाती है। चूंकि ट्रेनें सीमित समय के लिए प्लेटफार्मों पर ठहरती है। कई यात्री इस अवधि में पानी नहीं भर पाते और उन्हें चलती हुई ट्रेनें पकड़नी पड़ती है। जिसमें कई बार दुर्घटनाओं की आशंका बनी रही है, क्योंकि पूर्व में इस तरह की घटनाएं भोपाल व रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर हो चुकी है। पानी की जरुरत वाले ऐसे यात्रियों को सामाजिक संगठनों की पेयजल व्यवस्था से मदद मिल जाती है।

# मतदान एवं मतगणना वाले दिन बंद रहेंगी शराब दुकानें और बीयर बार

## प्रशासन ने घोषित किए शुष्क दिवस, संग्रहण, परिवहन और बिक्री करते पाए गए तो दर्ज होगा प्रकरण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव का मतदान एवं मतगणना वाले दिन भोपाल जिले की सभी 87 शराब दुकानें और 60 बीयर बार 48 घंटे के लिए बंद किए जाएंगे। मतदान एवं मतगणना वाले दिनों को शुष्क दिवस घोषित किया है। इस दौरान शराब के संग्रहण, परिवहन और बिक्री करते पाए जाने पर आबकारी धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।



जारी आदेश के अनुसार, 7 मई को होने वाले मतदान से 36 घंटे पहले यानी पांच मई को शाम छह बजे शराब दुकानें बंद हो जाएंगी, जो मतदान खत्म होने तक बंद रहेंगी। इस दौरान भांग एवं भांग घोटा दुकानों को छोड़कर रेस्टोरेंट बार, होटल बार, सिविलियन क्लब बार, सैनिक थोक और फुटकर कैंटीन, रिटेल आउटलेट के अलावा देशी और अंग्रेजी शराब के वेयर हाउस भी बंद रहेंगे। इधर, मतगणना वाले दिन चार जून को शराब दुकानें सुबह से मतगणना समाप्ति तक बंद रहेंगी।

## सेवा के कार्यों के लिए जनयानी व टेवानी का सम्मान

# प्रिया और विकास गीतों से सजी शाम

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सिंधु नव जागरण समिति द्वारा चैतीचांद के अवसर पर सांस्कृतिक संध्या में विकास उदासी एवं प्रिया ज्ञानचंदानी ने दी रंगारंग प्रस्तुति दीं। कनक डांस ग्रुप ने सिंधी गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी। समाज में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सेवा सदन के पूर्व प्रभारी ट्रस्टी लोकूमल जनयानी एवं आरोग्य केन्द्र के प्रभारी डॉ. गुलाब राय टेवानी का चिकित्सा क्षेत्र में सेवाओं के लिए शाल, श्रीफल व भगवान झूलेलाल की प्रतिमा भेंटकर सम्मान किया गया।

नंदवानी भवन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ संत वेदान्त संत लाल साांईजी, पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी, पार्षद अशोक मारण, शिक्षाविद विष्णु गेहाणी ने भगवान झूलेलाल, परमहंस संत हिरदाराम साहिब, सतगुरु स्वामी शांतिप्रकाश महाराज,



सतगुरु स्वामी देवपकाश महाराज के छायाचित्र पर मालार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। अतिथियों का स्वागत समिति अध्यक्ष राम पारदासानी, कार्यक्रम संयोजक रमेश वाधवानी, मुख्य सलाहाकार घनश्याम लालवानी, उपाध्यक्ष महेश खटवानी व संरक्षक माधू चांदवानी, आसनदास वाधवानी ने शाल व फूल मालाओं से किया। इस अवसर लालसांई ने कहा कि इस बार भी सिंधी समाज ने चेतीचांद पर भगवान झूलेलाल की शोभा यात्रा में सामाजिक एकता का परिचय दिया है। यह एकता हमेशा कायम रहनी चाहिए। संत लाल सांई ने समिति के पूर्वजों की याद में भजन भी गया। पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी ने को चेतीचांद की बधाई दी। रीवा की मशहूर गायक विकास उदासी ने सिन्धी गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी वही प्रिया ज्ञानचंदानी ने भगवान झूलेलाल जी के गीतों पर सभी को झूमने पर मजबूर किया। सिंधी सूफी तराने पेश किए गए।

## भाजपा ने अंबेडकर की जयंती मनाई

**हिरदाराम नगर।** भाजपा संतनगर मंडल ने इंदिरा नगर स्थित भीमराव अंबेडकर सामुदायिक भवन में बाबा साहब के जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया। मंडल अध्यक्ष कमल विधानी, अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष मनोज शेर बग्गन और अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष अशोक दरबार एवं सभी साथियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि की। इस अवसर पर मंडल मंत्री,शंकर मेघानी , बंटी मीणा,सूरज छपरी,समीर खान, दीपक मेहरा, अविनाश एवम कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दीनदयाल बोरवन क्लब की कार्यकारणी का विस्तार

**हिरदाराम नगर।** स्वच्छता,पर्यावरण को समर्पित संस्था दीनदयाल बोरवन क्लब अब एक बार फिर नई ऊर्जा के साथ ओजस्वी युवाओं को पदभार सौंपकर समाज के युवाओं को चारित्रिक दक्षता,स्वालंबन हेतु नए रोजगारों की जानकारी तथा प्रेरित करना,सामाजिक एकता और समरसता तथा समाज के अत्यंत गरीब परिवारों को यथा संभव मदद करना और सरकारी योजनाओं को उन तक पहुंचना उद्देश्य रहेगा।

क्लब के अध्यक्ष जगदीश आसवानी ने बताया हर संस्था में युवाओं की भागीदारी होनी चाहिए आज के युवा सामाजिक, धार्मिक, सेवा आदि क्षेत्रों में अपनी रुचि के साथ भागीदार हो रहे हैं। युवाओं को आगे रखकर ही कार्यो को अप्रत्याशित गति प्रदान की जा सकती है।



इसलिए हमारी क्लब ने सर्वसम्मति से संत नगर के साहित्यकार राकेश शेवानी को उपाध्यक्ष, दिनेश सोनी को सहसचिव, शिल्ली को सहकोषाध्यक्ष, सनी गिदवानी को आडिटर पद पर नियुक्त किया गया।

**मेट्रो एंकर**

## मेला समिति में मुख्यमंत्री मोहन यादव हुए शामिल, श्रेष्ठ पंचायतों, झांकियों एवं हस्तियों को किया सम्मानित

# सिंधी समाज ने अपने पुरूषार्थ से शून्य से शिखर तक यात्रा की: यादव

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सिंधी मेला समिति के दो दिनी पारिवारिक सिंधी मेले का समापन हो गया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बहिराणा साहिब की जोत पर माथा टेका और सिंधी समाज को चेटीचंड की बधाई। सिंधियत के रंगों के बीच प्रबुद्धजनों का सम्मान किया गया। विधायक भगवानदास सबनानी भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

लालघाटी रोड सुंदर वन में दूसरे दिन रविवार को मौसम ने खलल नहीं डाला। खुशनुमा माहौल ने सिंधी समाज ने आराध्य झूलेलालजी के अवतरण की खुशियां उत्साह, उमंग और उल्लास के बीच मनाई। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि सिंधी जागृत समाज है। शून्य से शिखर पर अपने पुरूषार्थ के बल पर न केवल आत्मनिर्भर बना बल्कि की देश की अर्थ व्यवस्था को मजबूती दी। यादव ने कहा दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यता वाला यह चलता फिरता समाज है। उन्होंने लाल कृष्ण आडवाणी का जिक्र करते हुए कहा, भाजपा सिंधी समाज के इस गौरव से आज की भाजपा बना है। उन्होंने कहा राम राज्य का अश्वमेध यज्ञ नहीं देखा, लेकिन आडवाणीजी की सोमनाथ से अयोध्या तक यात्रा देखी है। आज के भव्य श्रीराम मंदिर में आडवाणीजी का योगदान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव आचार संहिता है, इसलिए कोई घोषणा नहीं कर सकता लेकिन अकादमी का बजट बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं उज्जैन में वर्षो से चेतीचांद के लोकल कार्यक्रमों में शामिल होता आया हूं। आने वाले सालों में भी आपके बीच आऊंगा।




**झांकियां पंचायत पुरस्कृत हुई:** मुख्यमंत्री ने श्रेष्ठ पंचायत एवं चैतीचांद पर निकली झांकियों को पुरस्कृत किया। श्रेष्ठ पंचायत टीटी नगर सिंधी समाज की शख्सयितो को सम्मानित किया गया। पूज्य सिंधी पंचायत टीटी नगर श्रेष्ठ पंचायत के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सिंधी मेला समिति के सेवा पुरस्कार भी मुख्यमंत्री ने दिए।

**यह पंचायतें हुई सम्मानित:** पूज्य सिंधी पंचायत एयरपोर्ट रोड, पूज्य सिंधी पंचायत. टीटी नगर, पूज्य सिंधी पंचायत संत कवरराम नगर, पूज्य सिंधी पंचायत टीला जमालपुरा, पूज्य सिंधी पंचायत पंचायत प्रभु नगर, पंचायत को सर्वश्रेष्ठ झांकी को पुरस्कृत किया गया।

**सिंधी व्यंजनों रहे आकर्षण:** सिंधी मेला समिति द्वारा आयोजित मेले में सिंधी व्यंजन का भी लोगों ने भरपूर आनंद लिया, इस सिंधी फूड में लोगों ने सिंधी कड़ी चावल, सेल फुल्का, डोडो चटणी, साई भादी, कोकी जैसे अनेक सिंधी व्यंजनों का लुफ्त उठाया।



### जय वीरू की जोड़ी है सबनानी, आलोक की

मुख्यमंत्री ने कहा शोले की जय वीरू की जोड़ी है भगवान दास सबनानी और आलोक शर्मा की। एक विधायक बन गए हैं, दूसरे सांसद बनने की राह में है। संगठन में सबनानी का काम हमारी मजबूती है।

**यह रहे मौजूद:** कार्यक्रम में सांसद प्रत्याशी आलोक शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी, एमआईसी सदस्य राजेश हिंगारानी, मेला समिति अध्यक्ष मनीष दरियानी, समिति के अन्य पदाधिकारी एवं पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबू रीझवानी व बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग मौजूद थे। तारिक मेहता का उल्टा चश्मा के कलाकार सोढ़ी और डॉक्टर हाथी ने कलाकारों के साथ अवसर को उत्सवी बनाया। कार्यक्रम का संचालन कविता इसरानी और मोहित शेवानी ने किया।

# चुनाव प्रचार में घुलने लगी दलों की ताकत और तेजी





**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र में पहले चरण के लोकसभा चुनाव के मतदान में अब तीन दिन बाकी है। लिहाजा भाजपा व कांग्रेस नेताओं ने प्रचार तेज कर दिया है। दोनों दलों के केंद्रीय नेता भी चुनाव प्रचार में जुटे हैं। प्रधानमंत्री तीन दौरे कर चुके हैं तो गृहमंत्री अमित शाह भी तीसरे दौरे पर पहुंचने वाले हैं। कांग्रेस की तरफ से राहुल गांधी दो सभा कर चुके हैं। पार्टी अब प्रियंका गांधी की सभा काइंतजार कर रही है। उधर दोनों दलों की राज्य इकाई के नेता भी रोज आधा दर्जन सभा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भोपाल लोकसभा क्षेत्र को साधने के लिये कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में उनमें जोश भरा। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है तो यह उपलब्धि ऐसे ही हासिल नहीं की है। इसके पीछे पार्टी के कार्यकर्ताओं का संघर्ष है, उनकी मेहनत है। भाजपा का कार्यकर्ता वह ताकत है, जिसके कारण पार्टी ने कई रिकार्ड बनाए और आगे भी बनाएगी। जब सामूहिक शक्तियां एकत्रित होती हैं तो रामराज्य की स्थापना होती है। कार्यकर्ताओं को रामायण एवं श्रीराम के जीवन से सीखना चाहिए कि किस तरह से भगवान श्रीराम ने अपनी सेना तैयार की और किस तरह उन्होंने रामराज्य की स्थापना की। कार्यकर्ता सम्मेलन गुफा मंदिर स्थित मानष उद्यान में हुआ। इसमें लोकसभा प्रभारी कमल पटेल एवं पार्टी प्रत्याशी आलोक शर्मा ने भी संबोधित किया।




## किसे मिला रोजगार व सस्ता सिलेंडर: कांग्रेस



दूसरी तरफ नरसिंहपुर, शहडोल, सिवनी और जबलपुर में चुनाव प्रचार करने पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि चाहे केंद्र की भाजपा सरकार हो या प्रदेश की भाजपा सरकार, हर वर्ग के साथ अन्याय कर रही है। चाहे युवा हो, महिला हो, किसान हो सभी परेशान हैं। प्रदेश सकार द्वारा लगातार कर्ज लेने के बाद भी लाड़ली बहनों को 3000 रू. प्रतिमाह नहीं दिए जा रहे हैं? मोदी की गारंटी के बाद भी गेहूं/धान का घोषित समर्थन मूल्य 2700 और 3100 रू. नहीं दिया जा रहा? उन्होंने लोगों से पूछा कि 450 रुपए का सिलेंडर किस परिवार को मिला? प्रतिभाशाली युवाओं को रोजगार क्यों नहीं मिल रहा है? पटवारी ने कहा भाजपा सरकार केवल झूठ के सहारे प्रदेश की जनता को भ्रमित कर रही है। इस मौके पर युंका अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह यादव ने भी सभा संबोधित की।

### एग्जिट पोल रहेंगे बैन

लोकसभा आदर्श आचार संहिता के चलते मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान प्रथम चरण की मतदान तिथि 19 अप्रैल की सुबह 7 बजे से एक जून की शाम 6.30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

### 103 वर्षीय महिला ने किया मतदान



85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान के लिए मतदान केंद्र तक न आने पड़े, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ऐसे मतदाताओं को उनकी स्वेच्छानुसार घर से मतदान करने (होम वोटिंग) की सुविधा दी गई है। सुविधा का लाभ उठाते हुए होशंगाबाद के अंतर्गत आने वाले रायसेन जिले के उदयपुरा की मतदाता बारी बाई (103 वर्ष) ने घर से मतदान करने की इच्छा जताई। आवेदन मिलने पर मतदान दल सक्रियता दिखाते हुए शतायु मतदाता के घर पहुंचा और उनसे मतदान कराया।

### गोद देने की प्रक्रिया बदलाव से आया फर्क

# एक साल में मप्र में 183 बच्चों को मिला नया परिवार

## भोपाल से कुल 17 बच्चे गोद गए

**2023-24 में पूरे देश से भारत और विदेशी परिवारों द्वारा 4009 बच्चों को गोद लिया गया**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कानूनी तौर पर गोद लेने के बारे में लोगों के जागरूक होने और जटिल प्रक्रिया में बदलाव के बाद बीते साल में सकारात्मक परिणाम नजर आए हैं। बीते सालों में बड़ी जागरुकता और नियमों में आए बदलावों के चलते आश्रय गृह में रह रहे बच्चों को गोद लेने का आंकड़ा बढ़ता नजर आ रहा है। सेंट्रल एडॉप्शन रिसोर्स अथॉरिटी (कारा) के अनुसार साल 23-24 में पूरे देश से भारत और विदेशी परिवारों द्वारा करीब 4009 बच्चों को गोद लिया गया है। वहीं मप्र में भी 183 को भी नया परिवार मिला है। जिसमें भोपाल जिले से कुल 17 बच्चे गोद गए हैं। खास बात यह भी है कि इन 17 बच्चों में से 7 बच्चों को विदेशी परिवारों ने अपनाया है।

### 2018-19 में के बाद लगातार कमी आई



प्राप्त जानकारी के अनुसार, साल 2018-19 में देश में एडॉप्शन का आंकड़ा 4027 था, इसके बाद इसमें लगातार कमी आई है, लेकिन अब इस आंकड़े में बड़ोत्तरी हो रही है। 2019-20 में कुल 3745 बच्चों को गोद दिया गया। जिसमें से देश में 3351 और 394 बच्चे विदेश में गोद दिए गए हैं। 2020-21 में कुल 3559 बच्चों को गोद दिया गया। जिसमें से देश में 3142 और 417 बच्चे विदेश में गोद दिए गए हैं। 2021-22 कुल 3405 बच्चों को गोद दिया गया। जिसमें से देश में 2991 और 414 बच्चे विदेश में गोद दिए गए हैं। 2022-23 में कुल 3441 बच्चों को गोद दिया गया। जिसमें से देश में 3010 और 431 बच्चे विदेश में गोद दिए गए हैं। 2022-23 में कुल 4009 बच्चों को गोद दिया गया। जिसमें से देश में 3560 और 449 बच्चे विदेश में गोद दिए गए हैं।

### संस्थाओं की सक्रियता भी बड़ा कारण

कोरोना की आहट के बीच बीते पांच सालों में वित्तीय वर्ष 2023-24 में बच्चों के एडॉप्शन नंबर में इजाफा हुआ है। जानकारों का मानना है कि प्रक्रिया में बदलाव और देशभर में बच्चों से जुड़ी अहम संस्थाओं की सक्रियता इसके पीछे बड़ा कारण है। दस साल पहले सेंट्रल एडॉप्शन रिसोर्स अथॉरिटी यानी कारा ने खुद इस बात को स्वीकारा था कि कानूनी तौर पर गोद लेने के बारे में लोगों को जानकारी न होना और जटिल प्रक्रिया के चलते अनेक दंपति इसमें रुचि नहीं लेते। जानकारों की माने तो दत्तक ग्रहण बढने के दो मुख्य कारण नजर आते हैं। पहले जो बच्चों को गोद देने का कोर्ट ऑर्डर होता था वो सिविल कोर्ट में जाता था और सीआरपीसी लागू होकर चलता था तो प्रोसेस डिले हो जाती थी। अब बच्चों का कोर्ट ऑर्डर डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट याने कलेक्टर के माध्यम से सीधे होता है इससे गति मिली है। साथ ही बाल आयोग ने भी निरंतर प्रयास किया है कि आश्रय गृह में रह रहे बच्चों के जैविक माता-पिता होने पर उनका परिवार में पुनर्वास हो सके।

### मध्यप्रदेश की यह रही स्थिति

जानकारी के अनुसार, 2019-20 में कुल 170 बच्चों को गोद दिए गया। जिसमें देश में 149 और विदेश में 21 बच्चों को गोद दिया गया। 2020-21 में कुल 159 बच्चे गोद दिए गए, जिसमें देश में 141 और विदेश में 18 गोद दिए गए। 2021-22 में कुल 144 आंकड़ा रहा, जिसमें देश में 128 और विदेश में 16 बच्चे गोद दिए गए। 2022-23 में देश में कुल 121 गोद दिए गए, जिसमें 113 बच्चे देश और विदेश में 8 बच्चे गोद दिए गए। 2023-24 में कुल 183 बच्चों को गोद दिया गया, जिसमें देश में 160 विदेश में 23 कुल 183 बच्चे गए।

## स्कूली बच्चों को दी गई स्वच्छता और हीट स्ट्रोक की जानकारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

दिन के तापमान में बढ़ोतरी हुई है। इसके चलते छात्रों और कर्मचारियों को हाथ धोने, व्यक्तिगत स्वच्छता प्रथाओं और हीट स्ट्रोक से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन और आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना जैसी योजनाओं के बारे में भी बताया गया। एम्स के मेडिकल सोशल वेलफेयर यूनिट ने बागसेवनिया के राजकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। एम्स में चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत किया गया। छात्रों को मास्क, सेनेटरी पैड, ओआरएस और साबुन युक्त किट भी दी गई।

## ब्यौरा सार्वजनिक करने में निजी स्कूलों की मनमानी, राजधानी में 321 में से 54 स्कूलों ने ही दी जानकारी, वह भी अधूरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही भोपाल सहित प्रदेशभर में बड़ी संख्या में निजी स्कूलों की मनमानी की शिकायतें सामने आ रही हैं। संयुक्त संचालक ने 31 मार्च तक निजी स्कूलों को पाठ्यक्रम सहित किताबों और फीस की सूची देने के निर्देश दिए थे, लेकिन सिर्फ लगभग 17 प्रतिशत स्कूलों ने ही आधी-अधूरी जानकारी दी है। राजधानी में 321 में से करीब 54 स्कूलों ने ही पाठ्यक्रम की सूची सौंपी है। जिला शिक्षा अधिकारी(डीईओ) की अनदेखी के कारण अब तक स्कूलों ने जानकारी नहीं दी है, जबकि कई स्कूलों ने पाठ्यक्रम में भी बदलाव कर दिया है तो कुछ ने गणवेश बदल दिए हैं। इस कारण अभिभावक परेशान हो रहे हैं।

**तीन वर्षों की जानकारी करनी थी अपलोड:** विभाग ने हाल में आदेश जारी कर कहा था कि सभी स्कूलों को सत्र 2023-24 के लिए नियत की गई फीस संरचना (कक्षावार एवं संवर्गवार विभिन्न मदों में) की जानकारी पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। निजी स्कूल विगत तीन वर्षों (2020-21, 2021-22, 2022-23) के बजट की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड करेंगे। बैलेंस शीट, प्राप्ति एवं भुगतान पत्रक, आय-व्यय शेड्यूल सहित सभी जानकारी देनी है। इसके बाद संबंधित विषयों के पालन में निजी स्कूलों द्वारा 100 रुपये के गैर न्यायिक स्टांप पेपरों पर आवश्यक वचन पत्र भी अपलोड करना था।

**मेट्रो एंकर** | जिला न्यायालयों और उनके अधीनस्थ न्यायालयों में पैरवी कर सकेंगे


# गर्मी से राहत: तीन माह बिना काला कोट पहने मुकदमों में पैरवी कर सकेंगे वकील

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रदेश के वकीलों को गर्मी में राहत देते हुए मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर ने अहम फैसला लिया है। अब गर्मी के मौसम में 15 अप्रैल से लेकर 15 जुलाई तक वकील बिना काला कोट पहने मुकदमों में पैरवी कर सकेंगे। इस संबंध में अधिवक्ता परिषद ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।



ऑल इंडिया बार कौंसिल ने अपने नियमों को शिथिल करते हुए वकीलों को गर्मी के मौसम में बिना काला कोट पहने प्रेक्टिस करने की अनुमति प्रदान कर दी है। मप्र स्टेट बार कौंसिल ने इस संबंध में एक परिपत्र जारी किया है। परिपत्र के अनुसार प्रदेश भर की निचली अदालतों में प्रैक्टिस करने वाले वकील गर्मी के मौसम में अब 15 अप्रैल से लेकर 15 जुलाई तक बिना काला कोट पहने मुकदमों में पैरवी कर सकेंगे। मध्यप्रदेश के जिला न्यायालयों और उनके अधीनस्थ न्यायालयों में पैरवी कर सकेंगे। इससे भीषण- गर्मी से परेशान हो रहे वकीलों को काफी राहत महसूस होगी।

**काला, सफेद, धारीदार या ग्रे कलर का पेंट:** मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर का फैसला, 15 अप्रैल से 15 जुलाई तक सफेद शर्ट, काला, सफेद, धारीदार या ग्रे कलर का पेंट पहनकर और एडवोकेट बेंड बांधकर अभिभाषकगण जिला न्यायालयों और उनके अधीनस्थ न्यायालयों में पैरवी कर सकेंगे। यह सुविधा केवल निचली अदालत में प्रैक्टिस करने वाले वकीलों के लिए ही है। हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले वकीलों के यह सुविधा नहीं दी गई है।



कुछ कर सकने में सफलता आती है और कुछ ना कर सकने में असफलता आती है।

## संपादकीय

### गंभीर है दिल का मामला

जिंदगी जितनी अबूझ व अनिश्चित है, यह सभी मानते हैं लेकिन जीवन के बारे में बहुत एहतियात बरतने में लापरवाही कर जाते हैं। स्वास्थ्य से जुड़े मामले में इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च की हालिया रिपोर्ट कहती है कि 18 से 54 वर्ष के तीस फीसद भारतीयों ने तो कभी अपना ब्लड प्रेशर तक चेक नहीं कराया है। जबकि दिल और ब्लडप्रेशर के बीच नाजुक रिश्ते को देखते हुए यह रिपोर्ट चिंता भी बढाती है और लापरवाही को भी दर्शाती है। दरअसल जो उम्र का दायरा सर्वे में लिया गया है, वह आज के दौर में जवानी के दिन कहलाते हैं। यह अहसास लापरवाही का जनक भी होता है। रिपोर्ट से जाहिर होता है कि देश में ब्लड प्रेशर से जुड़ी बीमारियां बढ़ने के बावजूद इसे लेकर जागरूकता नहीं बढ़ रही। स्वास्थ्य को लेकर लोगों में आम भावना यही होती है कि बाहर से फिट दिख रहे हैं, तो भीतर से भी फिट ही होंगे। मगर हाल के दिनों में ऐसी कई घटनाएं हुई, जहां एकदम चुस्त-तंदरुस्त दिख रहे युवा सिलेब्रिटी का भी दिल दगा दे गया। दरअसल, जब तक बीमारी आती नहीं, तब तक लोग उसके बारे में नहीं सोचते। दुर्भाग्य से ब्लडप्रेशर को लेकर तो गंभीरता बहुत कम है। इसे चेक नहीं कराने की एक बड़ी वजह है कि आमतौर पर लोग इसे बहुत हल्के में लेते हैं। उन्हें लगता है कि ब्लड प्रेशर का सामान्य से ऊपर-नीचे होते रहना आम बात है। वे इसे भविष्य में हो सकने वाले गंभीर बीमारियों के हमले के रूप में नहीं देखते। यही नादानी कई बार आगे चलकर भारी पड़ जाती है। ब्लड प्रेशर चेक न कराने की दूसरी वजह है संसाधन और वक्त की कमी। चूंकि आम नजर में यह कोई गंभीर मसला नहीं, इसलिए पहले तो बीपी चेक करने के लिए समय नहीं निकल पाता। फिर दिक्कत यह भी आती है कि बीपी चेक कहां कराया जाए। जरूरी नहीं है कि सभी के घर के पास कोई क्लिनिक या हॉस्पिटल हो। लिहाजा मानसिकता यह हो जाती है कि जब कोई दिक्कत ही नहीं, तो बस बीपी चेक करवाने के लिए डॉक्टर के पास क्यों जाएं। बीपी चेक करना कोई बहुत बड़ा काम नहीं है। कोई बहुत ज्यादा खर्च करने की जरूरत भी नहीं पड़ती। ऐसे में क्यों नहीं सामुदायिक केंद्रों, क्लब, होटल, ऑफिस वगैरह में भी बीपी चेक करने की सुविधा उपलब्ध करा दी जाए। यह काम इतना सरल होना चाहिए, जिसके लिए अलग से सोचना न पड़े। साथ ही, इस सेवा को निशुल्क और सभी की पहुंच में रखा जाए। इससे गरीब और वंचित तबके के लोग भी लाभ उठा सकेंगे। बीमारी पर खर्च करने से बेहतर है उसकी रोकथाम पर पैसा लगाना। ब्लड प्रेशर के साथ मामला यही है। सरकार और सामाजिक संस्थाएं इस बारे में जागरूकता अभियान चलाएं, जैसे कि पोलियो और टीबी वगैरह के लिए चला है। गौरतलब होगा कि ब्लड प्रेशर की वजह से दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा सबसे ज्यादा है। इसके अलावा भी कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं। भारत में हार्ट के मरीज बढ़ते जा रहे हैं हाल में कोरोना महामारी के बाद यह बात और चिंताजनक हो गई है कई बार लोगों की मौत ऐसे हुई है,जिसकी कल्पना तक नहीं की जाती। ऐसे में बीपी चेक को एक हेल्पिंग टूल के रूप में देखा जाना चाहिए, अब तो स्मार्ट वाच भी आ गई हैं जिसे पहनकर खुद ही ब्लडप्रेशर चेक किया जा सकता है। मगर बेहतर यह है कि बीपी के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाए व नि:शुल्क जांच की सुविधा भी।

# खिलौनों के वैश्विक बाजार में भारतीय दस्तक

■ जयंतीलाल भंडारी



हाल ही में केंद्रीय व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक भारत के खिलौना उद्योग ने वित्त वर्ष 2014-15 से वित्त वर्ष 2022-23 के बीच तेजी से प्रगति की है और निर्यात में 239 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है। वहीं दूसरी ओर आयात में 52 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। निःसंदेह इस समय पूरी दुनिया में यह रेखांकित हो रहा है कि 'मेक इन इंडिया' अभियान से भारत का खिलौना उद्योग नई ऊंचाई पर है। स्थिति यह है कि 'मेक इन इंडिया' अभियान ने खिलौना विनिर्माण क्षेत्र में चीन को झटका देते हुए खिलौना निर्माण को भारत के लिए फायदे का सौदा साबित कर दिया है।

गौरतलब है कि चीन से खिलौनों की खरीदारी करने वाले कई खरीदार अब तेजी से भारत की ओर रुख कर रहे हैं। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया में कोई एक दशक पहले खिलौनों की भारत से मुश्किल से ही किसी तरह की खरीदारी होती थी। लेकिन मेक इन इंडिया के कारण कई बड़ी-बड़ी खिलौना कंपनियों ने भारत में खासतौर से दिल्ली में अपना आधार तैयार किया है, जो आज अंतर्राष्ट्रीय खिलौना कंपनियों को भी आपूर्ति करती है। इस समय हैस्ब्रो, मैटल, स्पिन मास्टर और अर्ली लर्निंग सेंटर जैसे खिलौनों के वैश्विक ब्रांड आपूर्ति के लिए भारत पर अधिक निर्भर हैं। साथ ही खिलौनों के लिए विश्व प्रसिद्ध इटली की दिग्गज कंपनी ड्रीम प्लास्ट, माइक्रोप्लास्ट और इंकास आदि खिलौनों के लिए अपना ध्यान धीरे-धीरे चीन से भारत पर केंद्रित कर रही हैं।अब वह समय बीत गया है कि जब पांच-छह वर्ष पहले तक भारत खिलौनों के लिए बहुत कुछ दूसरे देशों पर निर्भर था और भारत में 80 फीसदी से अधिक खिलौने चीन से आयात किए जाते थे। साथ ही लगातार विभिन्न सर्वेक्षणों में कहा जा रहा था कि चीन से आयातित दो-तिहाई खिलौने असुरक्षित थे। चीनी खिलौने में सीसा, कैडमियम और बेरियम के असुरक्षित तत्व पाए गए थे। अब भारत से खिलौनों के तेजी से बढ़ते हुए निर्यात और घटते हुए आयात का नया लाभप्रद अध्याय भी रेखांकित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि इस समय देश और दुनिया में भारतीय खिलौना उद्योग की बहुत कम समय में हासिल ऐसी सफलता रेखांकित हो रही है, जिसकी कभी किसी ने कल्पना तक नहीं की थी। इस समय चारों ओर भारत के सस्ते और गुणवत्तापूर्ण खिलौना उद्योग का सुकूनदेह परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। साथ ही भारत का खिलौना निर्यात पांच-छह वर्षों में तेजी से बढ़कर 2600 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। भारत से अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय यूनियन, आस्ट्रेलिया, यूएई, दक्षिण अफ्रीका सहित कई देशों को खिलौने निर्यात किए जा रहे हैं। इस समय भारतीय खिलौना उद्योग का कारोबार करीब 1.5 अरब डॉलर का है जो वैश्विक बाजार हिस्सेदारी का 0.5 फीसदी मात्र है। लेकिन जिस तरह भारत में खिलौना उद्योग को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, उससे खिलौना उद्योग छलांगें लगाकर बढ़ते हुए इसी वर्ष 2024 में 3 अरब डॉलर तक की ऊंचाई पर पहुंचने की संभावनाएं रखता है।

यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि देश और दुनिया में भारतीय खिलौना बाजार को ऊंचाई मिलने के कई कारण हैं। इसमें कोई मत नहीं है कि 'मन की बात' के अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार देश के लोगों को स्वदेशी भारतीय खिलौनों को खरीदने, घरेलू डिजाइनिंग को सुदृढ़ बनाने, भारत को खिलौनों के लिए एक वैश्विक विनिर्माण हब बनाने की अपील की। खिलौनों की बिक्री के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की मंजूरी जरूरी होना, संरक्षणवाद, चीन-प्लस-वन रणनीति और मूल सीमा शुल्क बढ़ाकर 70 प्रतिशत किए जाने से भारत के खिलौना उद्योग में तेजी आई है। बीआईएस मानक चिन्ह वाले खिलौनों के निर्माण के लिए बीआईएस ने घरेलू निर्माताओं को 1200 से अधिक लाइसेंस और विदेशी निर्माताओं को 30 से अधिक लाइसेंस प्रदान किए हैं।

सरकार के प्रयासों से भारतीय खिलौना उद्योग के लिए अधिक अनुकूल विनिर्माण परितंत्र बनाने में मदद मिली है। 2014 से 2020 तक 6 वर्षों की अवधि में सरकार के समर्पित प्रयासों से विनिर्माण इकाइयों की संख्या दोगुनी हो गई है, आयातित वस्तुओं पर निर्भरता 33 प्रतिशत से घटकर 12 प्रतिशत हो गई है। वर्तमान में एमएसएमई मंत्रालय 19 खिलौना उत्पादन केंद्रों की मदद कर रहा है, और वस्त्र मंत्रालय 13 खिलौना उत्पादन केंद्रों को खिलौनों का डिजाइनिंग तैयार करने और जरूरी साधन मुहैया कराने में मदद कर रहा है। स्वदेशी खिलौनों को बढ़ावा देने और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए कई प्रयास पहल भी की गई हैं, जिनमें द इंडियन टॉय फेयर 2021, टॉयकैथॉन आदि शामिल हैं। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने घटिया स्तर के खिलौनों के आयात पर अंकुश लगाने के लिए प्रत्येक आयात खेप का नमूना परीक्षण अनिवार्य कर दिया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014-15 के बाद से लगातार वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट तक में सरकार ने खिलौना उद्योग के विकास के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से प्रोत्साहन और समर्थन देने की रणनीतिक पहल की है। सरकार ने खिलौना उद्योग को देश के 24 प्रमुख सेक्टर में स्थान दिया है। भारतीय खिलौनों को वैश्विक खिलौना बाजार में ब?ी भूमिका निभाने हेतु खिलौना उद्यमियों को प्रेरित किया गया है। निश्चित रूप से मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत सरकार की नीतिगत पहलों के साथ-साथ घरेलू निर्माताओं के प्रयासों से भारतीय खिलौना उद्योग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यद्यपि देश का खिलौना उद्योग तेजी से आगे बढ़ रहा है लेकिन अभी भी देश के खिलौना सेक्टर को चमकीली ऊंचाई देने के लिए खिलौना क्षेत्र के तहत एक लम्बे समय से चल आ रही कई बाधाओं को हटाया जाना जरूरी है। भारतीय खिलौना उद्योग में विकास को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक कार्ययोजना की जरूरत है। खिलौना उद्योग के विकास से संबंधित विभिन्न एजेंसियों के बीच उपयुक्त तालमेल बनाया जाना जरूरी है।

देश में चीन की तरह खिलौने के विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) को आकार देने की जरूरत है। अभी खिलौनों पर जीएसटी की दर में कटौती की जानी चाहिए। जिससे खिलौनों की कीमत में और कमी आएगी। अधिकांश भारतीय खिलौने ई-कॉमर्स वेबसाइटों पर उपलब्ध कराए जाने चाहिए, ताकि घरेलू खिलौनों की बिक्री को और बढ़ाया सके। यह भी जरूरी है कि सरकार द्वारा प्रस्तावित की गई पारंपरिक और यांत्रिक खिलौनों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शीघ्र शुरू की जाए। देश में सुगठित खिलौना प्रशिक्षण और डिजाइन संस्थान की स्थापना को मूर्तरूप देना होगा। इसके अलावा खिलौना उद्योग के लिए बैंकों से ऋण तथा वित्तीय सहायता संबंधी बाधाओं को दूर करना होगा।खिलौनों के अधिक निर्यात से अधिक विदेशी मुद्रा की कमाई की जा सकेगी। साथ ही खिलौना उद्योग में रोजगार के मौके देश के कोने-कोने में और तेजी से बढ़ेंगे।

**साभार: लेखक अर्थशास्त्री हैं।**

## निशाना

### गुफ्तगू है अंदर !



धीरे-धीरे चुपके-चुपके ।<br>
हैं रहे वो मिल ।।<br>
गुफ्तगू है अंदर ।<br>
गई हैं बांछे खिल ।।<br>
हो रहे हैं एक ।<br>
बढ़ रहा है प्यार ।।<br>
लगता अंदरनी अब ।<br>
खत्म हुआ तकरार ।।<br>
नासमझ थे जो ।<br>
मूर्ख उन्हें बनाया ।।<br>
कुर्सी राजनीति की ।<br>
रही है ऐसी माया ।।<br>
साध रहे हैं हित ।<br>
जो उनका अधिकार ।।<br>
कहने वाले कहते हैं ।<br>
इसको चमत्कार ।।


- कृष्णेन्द्र राय

## आज का इतिहास

- 1071 नॉर्मन बलों, रॉबर्ट गुइस्कार्ड की कमान के तहत, इटली के कैटेनैट की राजधानी बारी के शहर को जीत लिया।
- 1638 शिमबरा में कैथोलिक जापानी किसानों द्वारा विद्रोही करों में एक विद्रोह को टोकागावा शोगुनेट द्वारा डाला, इसके परिणामस्वरूप राष्ट्रीय अलगाव नीति का अंतर्प्रयोजक प्रवर्तन हुआ।
- 1638 शिमबरा में कैथोलिक जापानी किसानों द्वारा किए गए करों में एक विद्रोह को टोकागावा शोगुनेट द्वारा डाल दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप राष्ट्रीय एकांत की नीति का अधिक से अधिक प्रवर्तन हुआ।
- 1715 दक्षिण कैरोलिना में यकाय युद्ध की शुरुआत पोकोलागो नरसंहार से हुई।
- 1716 ग्रेट नॉर्दर्न वॉर- प्रशियाई सैनिकों ने स्वीडन के जर्मन नियंत्रण विस्मर के बंदरगाह पर कब्जा कर किया।
- 1726 न्यूटन विलियम ने सुप्रीम पी आइजैक स्टैकली को अपने गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत बारे में बताया।
- 1729 लीपज़िग के शहर जोहान सेबस्टियन बाख में 'सेंट मैथ्यू पैशन' का उद्घाटन हुआ।
- 1738 फारस के जेरेक्स पर आधारित बारोक संगीतकार जॉर्ज फ्राइडरिक हेंडेल का एक नाटक, लॉर्ड्स का प्रीमियर लंदन में हुआ।
- 1755 शमूएल जॉनसन का 'ए डिक्शनरी ऑफ द इंग्लिश लैंग्वेज' लंदन में प्रकाशित
- 1755 सैमुअल जॉनसन द्वारा अंग्रेजी भाषा का एक शब्दकोश प्रकाशित किया गया था, जो अंग्रेजी के इतिहास के सबसे प्रभावशाली शब्दकोशों में से एक बन गया।
- 1802 अंग्रेजी कवि विलियम वर्ड्सवर्थ और उनकी बहन डोरोथीकेन ने डफोडिल्स की एक 'लंबी बेल्ट' का प्रदर्शन किया।

# चुनाव में व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना का दौर चले

■ ललित गर्ग



लोकसभा चुनावों की सरगर्मियां उग्र से उग्रतर होती जा रही है, पहली बार भ्रष्टाचार चुनावी मुद्दा बन रहा है, कुछ भ्रष्टाचार मिटाने की बात कर रहे हैं तो कुछ भ्रष्टाचारियों को बचाने की बात कर रहे हैं। मुसलमान वोटों की राजनीति करने वाले दल अपने घोषणा पत्रों में उनके कल्याण की कोई बात ही नहीं कर रहे हैं, मुसलमानों का सशक्तीकरण करने की बजाय उनके तुष्टीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। कुछ दल देश-विकास की बात कर रहे हैं तो कुछ दल विकास योजनाओं की छिछालेदार कर रहे हैं। किसी भी दल के चुनावी मुद्दे में पर्यावरण विकास की बात नहीं है। व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना के स्वर कहीं भी सुनाई नहीं दे रहे हैं। सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकांक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। केजरीवाल जेल से सरकार चलाने की बात करके नैतिक एवं राजनीतिक मूल्यों के आन्दोलन से सरकार बनाने के सच को ही बदनुमा बना दिया है। इसकी वजह से लोगों में विश्वास इस कदर उठ गया कि चौराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा-सा लगता है। आंखें उस चेहरे पर सचाई की साक्षी ढूंढती हैं। समस्याओं से लड़ने के लिये हमारी तैयारी पूरे मन से होनी चाहिए।

लोकतंत्र के महापर्व पर समझना चाहिए कि हमने जीने का सही अर्थ ही खो दिया है। यद्यपि बहुत कुछ उपलब्ध हुआ है। कितने ही नए रास्ते बने हैं। फिर भी किन्हीं दृष्टियों से हम भटक रहे हैं। भौतिक समृद्धि बटोरकर भी न जाने कितनी रिक्तताओं की पीड़ा सही है। गरीब अभाव से तड़पा है, अमीर अतृप्ति से। कहीं अतिभाव, कहीं अभाव। जीवन-वैषम्य कहां बांट पाया अपनों के बीच अपनापन। अट्टालिकाएं खड़ी हो रही हैं, बस्तियां बस रही हैं मगर आदमी उजड़ता जा रहा है। पूरे देश में मानवीय मूल्यों का ह्रास, राजनीति अपराध, भ्रष्टाचार, कालेधन की गर्मी, लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन, अन्याय, शोषण, संग्रह, झूठ, चोरी जैसे-अनैतिक अपराध पनपे हैं। धर्म, जाति, राजनीति-सत्ता और प्रांत के नाम पर नए संदर्भों में समस्याओं ने पंख फैलाये हैं। हर बार के चुनावों की तरह इस बार भी आप, हम सभी अपने आपको जीवन से जुड़ी अंतहीन समस्याओं के कटघरे में खड़ा पा रहे हैं। कहा नहीं जा सकता कि जनता की अदालत में कहां, कौन दोषी है? पर यह चिंतनीय प्रश्न अवश्य है हम इतने उदासीन एवं लापरवाह कैसे हो गये कि राजनीति को इतना आपराधिक होने दिया जब आपके द्वार की सीढ़ियां मैली हैं तो अपने पड़ोसी की छत पर गन्दगी का उलाहना मत दीजिए। कोई भी अच्छी शुरूआत सबसे पहले स्वयं की की जानी जरूरी है। देश के लोकतंत्र को हांकने वाले लोग इतने बदहवास होकर निर्लज्जतापूर्ण कारनामे करेंगे, इसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। चौराहे पर खड़ा आदमी सब कुछ देख रहा है। उसे कुछ सूझ नहीं रहा कि वह कौन सी राह पकड़े। आम आदमी सरकार ने शराब-शिक्षा में घोटाले किए, दागी चिन्हित भी हुए लेकिन आप सरकार ने भ्रष्टाचार को लेकर दोहरे मापदंड अपना लिए। अपनों द्वारा किया गया भ्रष्टाचार कोई भ्रष्टाचार नहीं, राबर्ट वाड्रा के खिलाफ कुछ नजर नहीं आता और वे चुनाव लड़ने की बात करते हैं। बात केवल कांग्रेस की ही नहीं है, बात राजनीतिक आदर्शों की है। जिसकी वकालत करते हुए कभी अन्ना हजारे तो कभी बाबा रामदेव, कभी केजरीवाल तो कभी श्री रविशंकरजी जन-आन्दोलन की अगवाई करते देते थे, अब ना तो ऐसे आन्दोलन होते हैं न ही उन पर विश्वास रहा। हमारे भीतर नीति और निष्ठा के साथ गहरी जागृति की जरूरत है। नीतियां सिर्फ शब्दों में ही और निष्ठा पर संदेह की परतें पड़ने लगें तो भला उपलब्धियां का आंकड़ा वजनदार कैसे होगा? बिना जागती आंखों के सुरक्षा की साक्षी भी कैसी! एक वफादार चौकीदार अच्छा सपना देखने पर भी इसलिए मालिक द्वारा तत्काल हटा दिया जाता है कि पहरेदारी में सपनों का खयाल चोरी को खुला आमंत्रण है। भाजपा जो हमेशा राजनीतिक शुचिता की बात करती रही, उसकी शुचिता कहां है कितने दागी एवं अपराधी नेताओं को उसने अपने दल में जगह ही नहीं दी, टिकट तक दे दिया। हो सकता है 400 के बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिये भाजपा की कुछ मजबूरियां हो। कमल तो खिलेगा ही, लेकिन उस खिलाहट में मजबूरियों के नाम पर मूल्यों के साथ समझौता नहीं होता तो यह लोकतंत्र को स्वस्थ बनाने का एक अनूठा उदाहरण होता। श्रीमती इन्दिरा गांधी ने कभी कहा था कि व्यक्ति को अपने जन्म से नहीं बल्कि कर्म से पहचाना जाना चाहिए, यह वाक्य उनके पोते राहुल गांधी पर भी लागू हो रहा है। वे तमाम सुखों एवं सुविधाओं में पले-बढ़े और उन्होंने जीवन में कोई संघर्ष नहीं किया या ये कहें कि जीवन के लिए संघर्ष करने की उनके सामने कोई नौबत नहीं आई। कहते हैं - 'जा के पैर न परी बिवाई, वो क्या जाने पीर पराई'। जब आप लोगों की पीड़ा को उसी भाव से महसूस नहीं कर पाते तो दूसरों को आपकी बात पर भरोसा नहीं हो पाता। इस भरोसे को पाने के लिए उस पीड़ा को पहले खुद भुगतना होता है। यही वजह है कि राहुल गांधी सच्ची और ठीक बात कहते हैं तब भी लोग उसे उस सच्चाई के साथ, उस भाव में अंगीकार नहीं कर पाते। लोकतंत्र में राजनीतिक दलों का मौजूदा यह आचरण स्वीकार्य नहीं। पूरा राजनीतिक वातावरण ही हास्यास्पद हो चुका है। यदि हालात नहीं सुधरे तो राजनीतिक दलों की दुर्गति तय है। बदलती राजनीतिक सोच एवं व्यवस्था के मंच पर बिखरते मानवीय मूल्यों के बीच अपने आदर्शों को, उद्देश्यों को, सिद्धांतों को, परम्पराओं को और जीवनशैली को हम कोई ऐसा रंग न दे दें कि उससे उभरने वाली आकृतियां हमारी भावी पीढ़ी को सही रास्ता न दिखा सकें।

राजनीति का वह युग बीत चुका जब राजनीतिज्ञ आदर्शों पर चलते थे। आज हम राजनीतिक दलों की विभीषिका और उसकी अतियों से ग्रस्त होकर राष्ट्र के मूल्यों को भूल गए हैं। भारतीय राजनीति उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। चारों ओर भ्रम और मायाजाल का वातावरण है। भ्रष्टाचार और घोटालों के शोर और किस्म-किस्म के आरोपों के बीच देश ने अपनी नैतिक एवं चारित्रिक गरिमा को खोया है। मुद्दों की जगह अभद्र टिप्पणियों ने ली है। व्यक्तिगत रूप से छींटाकशी की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाठशाला के प्रधानाचार्य की तरह अपने दल के कार्यकर्ताओं को पाठ पढ़ाया कि वह झूठे एवं बेबुनियाद आरोपों की परवाह किए बिना तेजी से काम करें। जबकि विपक्षी दलों की सारी की सारी कवायद में एक अनर्थ सच्चाई के ही दर्शन हुए क्योंकि जैसे केवल चेहरे बदलने से दामन के दाग नहीं धुल जाते, वैसे ही कुछ युवा चेहरों को सामने खड़ा करने से क्रांतिकारी सोच पैदा नहीं की जा सकती। भ्रष्टाचार के मुद्दे को व्यक्तिगत आरोपों की झड़ी लगाकर पृष्ठभूमि में डालने की कोशिश की जा रही है।

कई राजनीतिक दल तो पारिवारिक उत्थान और उन्नयन के लिये व्यावसायिक संगठन बन चुके हैं। सामाजिक एकता की बात कौन करता है। आज देश में भारतीय कोई नहीं नजर आ रहा क्योंकि उत्तर भारतीय, दक्षिण भारतीय, महाराष्ट्रीयन, पंजाबी, तमिल की पहचान भारतीयता पर हावी हो चुकी है। वोट बैंक की राजनीति ने सामाजिक व्यवस्था को क्षत-विक्षत करके रख दिया है। ऐसा लगता है कि सब चोर एक साथ शोर मचा रहे हैं और देश की जनता बोर हो चुकी है। हमें अतीत की भूलों को सुधारना और भविष्य के निर्माण में सावधानी से कदमों को बढ़ाना। वर्तमान के हाथों में जीवन की संपूर्ण जिम्मेदारियां थमी हुई हैं। हो सकता है कि हम परिस्थितियों को न बदल सकें पर उनके प्रति अपना रूख बदलकर नया रास्ता तो अवश्य खोज सकते हैं। आने वाले नये राजनीतिक नेतृत्व का सबसे बड़ा संकल्प यही हो कि राष्ट्रहित में स्वार्थों से ऊपर उठकर काम करेंगे। राष्ट्र सर्वोपरि है और राष्ट्र सर्वोपरि रहेगा। व्यक्ति का क्या मूल और क्या विसात। विरोध नीतिगत होना चाहिए व्यक्तिगत नहीं। एक उन्नत एवं विकासशील भारत का निर्माण करने के लिये हमें व्यक्ति नहीं, मूल्यों एवं सिद्धान्तों को शक्तिशाली बनाना होगा।

– साभार

# डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर अजाक्स संगठन ने किए श्रद्धासुमन अर्पित



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती पर अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ द्वारा पुराने बस स्टैंड के पास स्थापित डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

अजाक्स संघ के तहसील अध्यक्ष देवी प्रसाद मेहरा ने बताया कार्यक्रम के दौरान ÷बाबा साहब ने दिया संविधान याद रखेगा हिंदुस्तान÷ के नारे से वातावरण गूंज उठा. जयंती समारोह में समाज के सभी वर्गों की विशेष उपस्थिति रही. जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक कैलाश माल डॉक्टर पीसी करुण रवि शंकर सूर्यवंशी राजेश मेहरा एस पी मेहरा सूरज राय बोले संतोष कापसे ओ पी बडगूजर एन आर हरियाले देवी प्रसाद मेहरा गणेश उपरारिया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# एसएसटी टीम वाहनों की जांच में पूरी तरह सतर्कता बरतें: अपर कलेक्टर

**विदिशा, दोपहर मेट्रो।**

अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर ने रविवार को एसएसटी टीमों के कार्यों का औचक निरीक्षण किया । अपर कलेक्टर डामोर ने कल्लू ढाबा के पास की एसएसटी टीम द्वारा जांच कार्य ठीक से नहीं करने पर पूरी टीम को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। अपर कलेक्टर श्री डामोर ने आज एसएसटी टीम के तीन स्थलों क्रमशः उदयगिरि , विदिशा सांची रोड़ पर कल्लू ढाबा के समीप बनाए गए जांच पांइट के अलावा शमशाबाद के ग्राम सलैया में तैनात एसएसटी टीम के कार्यों का जायजा लिया है। उन्होंने उपरोक्त तीनों स्थलों पर दलों के सदस्यों को वाहनों की जांच पड़ताल कैसे करें व वीडियो रिकॉर्डिंग कैसे कराएं इत्यादि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश ही नहीं दिए बल्कि अपने समकक्ष वाहनों की जांच कराई है।



# मोहारी ग्राम में समूह की महिलाओं ने गाए मतदाता जागरूकता के गीत




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

ग्राम पंचायत मोहारी में मतदाताओं को 26 अप्रैल को लोक सभा निर्वाचन में मतदान करने के लिये मोहारी ग्राम में स्व सहायता समूह की महिलाओं ने आंगनवाड़ी में मतदाता जागरूकता के गीत मां नर्मदा स्व सहायता समूह की सदस्य एवं गांव की अन्य महिलाओं ने गाये । ग्राम पंचायत सचिव कुसुमलता चौरे ने बताया कि ग्राम मोहारी में मतदान शत प्रतिशत हो इसके लिये हमारी और से प्रयास किये जा रहे हैं। आपने बताया कि हमारे द्वारा पंचायत स्कूल आंगनवाडी में आने वाले सभी ग्रामीणों को मतदान करने के लिये प्रेरित किया जाता है। इस कार्य में ग्राम पंचायत स्तर पर पदस्थ समस्त शासकीय अमला लगा हुआ है। समूह की महिलाओं के द्वारा भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी अभियान के तहत आज आंगनवाड़ी केन्द्र पर मतदाता जागरूकता गीत गाये गये । सभी महिलाओं ने मतदान करने हेतु शपथ ली। एवं मतदान करने के लिये सेल्फी लेकर संकल?प लिया। आपने बताया कि आंगनवाडी केन्द्र में चलाये गये इस अभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग से सुपरवाईजर सरोज कमलपुरिया, आंगनवाडी कार्यकर्ता अमरा यादव, सचिव कुसुमलता चौरे, ग्राम रोजगार सहायक संजीव यादव, मां नर्मदा स्व सहायता समूह की सदस्य गायत्री बरखने, पूजा ठाकुर, नीलू, सीता, माया, रामवती, छाया, पुष्पा, पार्वती एवं यशोदा सहित अन्य ग्रामीण महिलायें सम्मिलित हुईं।

### जेलकर्मियों ने लगाए जेलर के ऊपर गंभीर आरोप, निष्पक्ष जांच की करी मांग

# बांदियों के परिवार से मिलने पैसे की मांग, कर्मचारियों ने की सबूतों के साथ शिकायत







**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

उप जेल सिवनी मालवा के अंदर किस प्रकार से भ्रष्टाचार चल रहा है जिसकी एक बानगी सामने आई है जेल के अंदर हो रहे भ्रष्टाचार की बात हम नहीं कर रहे हैं यह जेल के कर्मचारीओ ने बीते रोज एक शिकायती आवेदन देकर जेलर के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। जेल कर्मचारियों ने जेल महानिदेशक मप्र शासन भोपाल के नाम का ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी सिवनी मालवा को सोफा ज्ञापन में बताया गया कि सहायक अधीक्षक सिवनी मालवा जेल द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर किस प्रकार भ्रष्टाचार किया जा रहा है।उनके द्वारा ईद के त्यौहार जैसे विशेष सतर्कता दिवस पर बिना अनुमति के मुख्यालय छोड़ा गया एवं कर्मचारियों पर दवाब बनाकर फर्जी आमद वापसी करवायी गई जोकि जेल गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे कि रिकॉर्डिंग में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। जबकि कलेक्टर एवं जेल अधिक्षक नर्मदापुरम द्वारा प्रदेश में आचार संहिता लागू होने कि दशा में विशेष आदेश जारी किए गए है, कोई भी अपना मुख्यालय ना छोड़े जिसका सहायक जेल अधीक्षक द्वारा स्पष्ट उलंघन किया गया। जेल में बंदियों ओर हवालाती कि मुलाकात देने पर प्रति मुलाकातियो से प्रति व्यक्ति 200 रुपए की मांग कर मुलाकत कि जाती है एवं विभिन्न प्रकार का सामान जैसे कि खाने का तेल, गेहू चवाल, दाल, शक्कर, साग-सब्जियाँ मांगी जाती है। जोकि सहायक अधीक्षक कार्यालय के सामने वाले गेट से जेल में अन्दर की जाती है।

जेल में लगे हरे भरे वृक्षों को अवैध रूप से कटाई कर जेल के बाहर भेजा गया, जिसकी अनुमानित राशी 10000 रुपए कि दर से बेचा गया, जिसमे 4 निलगिरी 2 आम एवं 1 पीपल का पेड़ सामिल है। कटाई में निकली छोटी लकड़ियो को जेल पाकशाला में बंदियों को खाना बनाने हेतु उपयोग किया गया तथा शासन द्वारा प्रदान किये गए गैस सिलेंडरों कि बचत कर वाहरी व्यक्तिओं एवं कर्मचारीयों को बेच कर भ्रष्टाचार किया गया, जिसका प्रमाण जेल में पडे पेड़ो कि जड़ के टुकडो के रूप में स्पष्ट देखा जा सकता है एवं गैस सिलेंडर बेचने के फोटो के साथ भी संकलन किए हैं। प्रशांत जैसवाल प्रहरी पिछले 1 वर्ष से जेल परिसर में आवास रिक्त होने के बाबजूद अपनी बीमार माता के साथ किराये के मकान में रहने हेतु मजबूर है तथा सहायक जेल अधीक्षक सिवनी मालवा के समक्ष निवेदन करने पर प्रार्थी से सहायक जेल अधीक्षक द्वारा 20,000 रूपये की मांग की गई जिसे ना देने पर द्वारा परिसर में पहेले से निवासरत प्रहरी देवेन्द्र कौशल को आवास आवंटित कर देने की धमकी दी गई जोकि पूर्णतया नियम विरुद्ध है। उनके द्वारा कर्मचारियो को अवकाश स्वीकृत करने में भेद भाव किया जाता है आकस्मिक अवकाश चले जाने पर वेतन रोक दिया जाता है एवं जब कर्मचारियों द्वारा वेतन निकालने संबधित निवेदन किया जाता है उसके एवज में कमीशन कि मांग कि जाति है जोकि मजबूरी वश कई पुरुष एवं महिला कर्मचारियो द्वारा दिया भी गया है जिसका प्रमाण स्वयं कर्मचारी के कथन लेकर लिया जा सकता है। शासन द्वारा जेल में बन्दियो के लिए रोजाना उपयोग वाली वस्तु जैसे कि तेल, साबुन, निरमा, इत्यादि प्रदान किया जाता है जोकि विगत एक वर्ष से बंदियों के परिजनों से मंगवाया जाता है जिसका प्रमाण स्वयं बंदियों के कथन लेकर लिया जा सकता है।

बंदियों के लिए शासन द्वारा प्रदान किये जाने वाले राशन में भारी मात्रा में सहायक जेल अधीक्षक सिवनी मालवा द्वारा भ्रष्टाचार किया जा रहा है जैसे कि मात्र 1.5 ली. दूध 50 बंदियों के लिए मात्र 18 किलो आटा दोनो समय के भोजन लिए मात्र 2.50ग्राम दाल तथा चावल पिछ्ले एक वर्ष से नहीं दिया गया। रविवार को एवं विशेष त्योहारों पर मिलने वाला मिठा पिछ्ले एक वर्ष से प्रदान नहीं किया गया जिसका प्रमाण स्वयं बंदियों से कथन लेकर लिया जा सकता है। जेल के नियमानुसार जेल के मेन गेट पर रजिस्टर रखना अनिवार्य है जोकि नहीं रखा जा रहा है तथा स्वयं सहायक जेल अधीक्षक सिवनी मालवा द्वारा अपने कार्यालय में रखा जा रहा है। जोकि पूर्णतया नियम विरुद्ध है।

जेल में गेट कीपर की डयूटी नियमानुसार प्रहरी रुल के तहत होती है परन्तु सहायक जेल अधीक्षक द्वारा कर्मचारियों पर दबाब डाल कर हवलदारी रुल में डयूटी लगाई जा रही है, जिससे प्रहरियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सहायक जेल अधीक्षक सिवनी मालवा द्वारा किये जारहे इस प्रकार के भ्रष्टाचारों के नियमनुसार जाँच कर उचित कारवाही करने की सिवनी मालवा जेल के कर्मचारियों ने मांग की है।

### इनका कहना है

*उप जेल सिवनी मालवा के जेल अधीक्षक के खिलाफ जेल कर्मचारियों द्वारा बीते रोज एक शिकायती आवेदन आया है जिसकी निष्पक्षता से जांच कर कार्रवाई की जाएगी*

***श्रीमती सरोज सिंह परिहार,** एसडीएम सिवनी मालवा*

*मेरे ऊपर कर्मचारियों द्वारा क्या शिकायत की गई है इसकी मुझे जानकारी नहीं है लकड़ी कटाई का मामला जो है वह लकड़ी जेल की सुरक्षाओं को लेकर की गई है बंदिओ से उनके परिजनों की मुलाकात नियम अनुसार ही कराई जाती है।*

***ऐश्वर्या मिश्रा,** उप जेल अधीक्षक सिवनी मालवा*

# केंद्रीय जेल में बंदियों के लिए किया विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



**नर्मदापुरम।** केंद्रीय जेल के बंदियों के लिए रविवार को विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया. प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में एवं जिला न्यायाधीश/सचिव श्रीमती शशि सिंह के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ संयुक्त तत्वाधान में आयोजित विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं विधिक सहायता जागरूकता शिविर का उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, जबलपुर के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल द्वारा प्रात : 09 :00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिविर का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात जिला विधिक सहायता अधिकारी कु. अंकिता शांडिल्य एवं उपस्थित अधिकारीगण द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी अंकिता शांडिल्य द्वारा उपस्थित बंदीगण को संबोधित करते हुये कहा कि समस्त बंदीगण अपने विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहें एवं अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें. उन्होंने कहा आयोजित विशेष स्वास्थ्य परीक्षण सह विधिक सहायता शिविर में उपस्थित विभिन्न रोगों के चिकित्सीय विशेषज्ञों से अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर नि :शुल्क औषधि प्राप्त कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें एवं शिविर में उपस्थित लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स तथा पैनल अधिवक्तागण के माध्यम से अपने–अपने लंबित प्रकरणों की जानकारी के साथ–साथ अपनी विधिक समस्याओं का भी समाधान करें। उक्त शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी कु. अंकिता शांडिल्य, केंद्रीय जेल अधीक्षक संतोष सोलंकी, उप जेल अधीक्षक हितेश बांडिया, जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम के विशेष चिकित्सा अधिकारीगण, सुश्री डॉ. नाजिया, डॉ.भास्कर गुप्ता, पैरा मेडिकल स्टॉफ एवं विधिक सेवा प्राधिकरण से पंखुड़ी असिस्टेंट लीगल ऐड डिफेन्स काउंसल मनोज कुमार सोनी, पैरा लीगल वालंटियर्स रेखा सराठे, शिवम् कुमार दुबे, शेरसिंह बडकुल, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारीगण, जेल स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

### नर्मदापुरम की साहित्यिक संस्था नर्मदा का आव्हान सेवा समिति द्वारा किया जा रहा आयोजन

# देवनगर में आज होगा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

नर्मदा आव्हान सेवा समिति व्दारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन देवनगर रायसेन मे 15 अप्रैल को किया जायेगा। केप्टिन करैया ने बताया की हमारे मार्गदर्शक, प्रेरणास्रोत, शुभचिंतक, कुशल मंच संचालक,सहज सरल हृदय के धनी कौशल सक्सेना जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य मे तीसरे वर्ष मे 15 अप्रैल को रात्रि 8 बजे से बगीचा धाम श्री हनुमान मंदिर देवनगर मे अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। श्री करैया ने बताया की कवि सम्मेलन मे नर्मदा आव्हान सेवा समिति के दिग्गज मौलिक स्थापित कविगण तृतीय वर्ष मे स्वर साधना करेंगे।समिति के हंस राय ने बताया की कवि सम्मेलन मे संतोष शर्मा सागर विदिशा, कुलदीप रंगीला देवास, दीपक चित्रांश कुरावर, कुमार नितेश नैश भोपाल,सतीश समी इटारसी, अमित बिल्लोरे सोहागपुर, विनोद अंजान सिवनी, कृष्णकांत मूंदड़ा विदिशा, नवीन हरियाले नर्मदपुरम,मंजू कोरेमोर नागपुर को आंमत्रित किया है।

**मेट्रो एंकर**

### प्रधानमंत्री मोदी ने पिपरिया में उपस्थित नागरिकों को किया संबोधित

# होशंगाबाद के किसानों को किसान सम्मान निधि के रूप में दिए जाएंगे 2 हजार करोड़

**मुद्रा लोन की राशि 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दी जाएगी।**

**3 करोड़ बहनों को बनाया जाएगा लखपति।**

**बाबा साहब के संविधान की वजह से ही गरीब का बेटा बना प्रधानमंत्री।**



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

पिपरिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बाबा साहब की जयंती है. बाबा साहब जहां-जहां रहे उन यादगार स्थानों को भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने पंच तीर्थ बना दिए. प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश की जनता को हमेशा गुमराह किया है. कांग्रेसी कहते हैं कि भाजपा लोकतंत्र एवं संविधान को मिटाने वाली है. लेकिन आज यह गरीब का बेटा जो आपकी सेवा में है यह बाबा साहब के संविधान के ही कारण है.

भाजपा सरकार ने बाबा साहब के नाम पर ही भीम ऐप बनाया है जो डिजिटल लेनदेन के काम में आ रहा है।

कांग्रेस कहती है कि भाजपा सरकार आएगी तो देश में आग लग जाएगी. बताओ भाई और बहनों क्या देश में आग लगी. बल्कि देश की करोड़ जनता का भाजपा सरकार के प्रति दिखाई देने वाले प्रेम से इन कांग्रेसियों के दिलों में आग लगी. विरोधी नहीं चाहते कि देश मजबूत बने देश शक्तिशाली बने। कांग्रेस के शासनकाल में आदिवासियों की हालत क्या थी. यह सब को पता है लेकिन भाजपा सरकार ने आज देश के प्रथम नागरिक के रूप में आदिवासी की बेटी को राष्ट्रपति बनाया।

### बिरसा मुंडा जयंती को आदिवासी दिवस के रूप में भाजपा ने घोषित किया

प्रधानमंत्री ने कहा जिन लोगों को आवास योजना का लाभ नहीं मिला है. उन्हें योजना का लाभ दिया जाएगा। यह योजना निरंतर जारी रहेगी. दिव्यांगों को भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा. देश की 3 करोड़ बहनों को लखपति बनाया जाएगा यह मोदी की गारंटी है. 5 साल तक गरीबों को मुफ्त अनाज देने की योजना भी जारी रहेगी. मुद्रा लोन जो बिना गारंटी के दिया जा रहा है इसकी राशि 10 लाख से बढ़कर 20 लाख तक कर दी जाएगी.प्रधानमंत्री ने कहा है कि प्रत्येक वर्ग के 70 वर्ष से अधिक बुजुर्गों को ?5 लाख की आर्थिक मदद दी जाएगी यह भी मोदी की गारंटी है. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की योजना भी जारी रहेगी. आने वाले 5 साल में यहां के किसानों को 2000 करोड रुपए की राशि दी जाएगी। प्रधानमंत्री के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बीडी शर्मा कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह जिले के विधायक एवं भाजपा संगठन के पदाधिकारी भी मंच पर मौजूद थे।



### स्थानीय प्रशासन द्वारा अनाधिकृत क्लीनिक, नर्सिंग होमों पर कार्यवाही की जा रही औपचारिकता

# प्रशासन की नाक के नीचे महिला डॉक्टर शहर के बीचों-बीच चला रही अवैध नर्सिंग होम ?

## नागरिकों को एसडीएम व बीएमओ से जागी उम्मीद, क्या इन अवैध क्लीनिकों को किया जाएगा सील

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

स्थानीय प्रशासन एंव स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनाधिकृत रूप से संचालित हो रही क्लीनिक, नर्सिंग होम ,अस्पतालो पर जोरषोर से कार्यवाही कर क्लीनिको को सील करने की कार्यवाही की जाती है। यह माहौल लगभग एक सप्ताह तक चलता रहता है। लेकिन एक सप्ताह बाद कार्यवाही समाप्त होने के बाद परिणाम जीरो ही निकलता है। जांच टीम द्वारा छापामार कार्यवाही सिर्फ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में की जाती है। लेकिन प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की नाक के नीचे शहर के मुख्य स्थान पर एक महिला चिकित्सक द्वारा अनाधिकृत रूप से नर्सिंग होम का संचालन किया जा रहा है। उक्त नर्सिंग होम में न तो शासन के नियमो का कोई पालन हो रहा और न ही कोई डिग्री उक्त चिकित्सक के पास है। सिर्फ नाम मात्र के प्रमाण पत्र पर ही चिकित्सक द्वारा प्रतिदिन दर्जनो महिलाओं का उपचार किया जा रहा है। साथ ही अवैध रूप अनेको महिलाओ की डिलेवरी व ऑपरेशन किया जा रहा है। इस संबध में उक्त राज बाजार, काले बाजार में संचालित महिला चिकित्सक के खिलाफ कई बार मिली शिकायतो के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच भी की लेकिन जांच सही पाई जाने पर भी विभाग ने कोई सख्त कार्यवाही नही की।




### प्रत्येक गली में देखने को मिल ही जाती है एक क्लीनिक

विगत वर्षो से देखा जा रहा है कि नगर सहित आसपास के ग्रामीण में अनाधिकृत रूप से संचालित हो रही क्लीनिक,नर्सिंग होम,अस्पतालो पर स्थानीय प्रशासन द्वारा टीम गठित कर कार्यवाही की जाती है। लेकिन वह कार्यवाही मात्र दो तीन दिन ही चलकर रह जाती है। जिसका फायदा गली मोहल्लो में अवैध रूप से संचालित क्लीनिक व नर्सिंग होम संचालक उठाते है। यदि सिरोंज के बात की जाए तो मात्र सिरोंज शहर में ही 100 से अधिक अवैध क्लीनिक व नर्सिंग होम का संचालन किया जा रहा है। जिनमें से ऐसे कई क्लीनिक और नर्सिंग होम है जो कि गली मोहल्लो में संचालित हो रहें है। जिनकी स्वास्थ्य विभाग के पास कोई जानकारी होने न से जांच टीम कभी इन क्लीनिको पर पहुच ही नही पाती। जब भी स्थानीय प्रशासन द्वारा गठित स्वास्थ्य विभाग की टीम अनाधिकृत रूप से संचालित क्लीनिको व नर्सिंग होमो की जांच करने निकलती है तो टीम शहर के मुख्य चौराहो व बाजारो में संचालित क्लीनिको और नर्सिंग होमो पर कार्यवाही कर चली जाती है। लेकिन नगर के ऐसे कई वार्ड है जिनमें अनेको क्लीनिक व नर्सिंग होमो का संचालन किया जा रहा है। जहा सर्दी,बुधार,जुकाम जैसी बीमारियो से लेकर कई प्रकार की बडी बीमारियो का उपचार किया जाता है। जहा तक की इन गली मोहल्लो में संचालित नर्सिंगहोमो पर महिलाओं की डिलेवरी व ऑपरेशन भी असानी से कर दिए जाते है।

### नागरिकों को एसडीएम से जागी उम्मीद

सिरोंज में पदस्थ एसडीएम हर्षल चौधरी एंव बीएमओ डॉ विकास बघेल की जोडी को देख शहरवासियो को उम्मीद जागी है कि मुख्य बाजार के समीप अनाधिकृत रूप से महिलाओ चिकित्सक द्वारा एक दिन में दर्जनो महिलाओं की डिलेवरी की जा रही है। इस नर्सिंग होम में प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्र की अनेको गरीब भोली भाली महिलाओं को लूटा जा रहा है। वही आम नागरिको को एसडीएम व बीएमओ से उम्मीद जागी है कि प्रशासन सख्त कार्यवाही करेगा।

### इनका कहना है

*निरंतर जारी रहेगी कार्यवाही , अभी टीम की कार्यवाही प्रारंभ हुई है टीम ने शनिवार को ग्राम पथरिया में अनाधिकृत रूप से संचालित दो क्लीनिको को सील किया है। यह कार्यवाही निरतंर जारी रहेगी। नगर की गली मोहल्लो में अनाधिकृत रूप से संचालित हो रही क्लीनिको व नर्सिंग होमो पर कार्यवाही कर उन्हें सील करने की कार्यवाही की जाएगी।*

***डॉ विकास सिंह बघेल,** बीएमओ,शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय सिरोंज।*

*बिना भेदभाव के होगी कार्यवाही , नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में जो भी क्लीनिक व नर्सिंग होम अवैध रूप से संचालित किए जा रहें है उन पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। साथ ही गली मोहल्लो में संचालित क्लीनिको पर भी टीम पहुचेगी और अनाधिकृत रूप से यदि कोई क्लीनिक व नर्सिंग होम का संचालन कर रहा है। तो उस पर नियम अनुसार कार्यवाही की जाएगी।*

***हर्षल चौधरी,** एसडीएम सिरोंज।*

### लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी गुड्डू राजा का काफिला फिर चर्चाओं में

# स्वागत करने सड़कों पर निकले ग्रामीण, बेटियों ने कहा सुनने वाला कोई नहीं है आप आ जाइए



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दल अपने संगठन स्तर पर तैयारी में जुड़े हुए हैं हालांकि अभी नामांकन नहीं भरे गए हैं लेकिन नेताओं ने अपनी बिसात बिछाना शुरू कर दिया है।

रविवार को कांग्रेस प्रत्याशी गुड्डू राजा बुंदेला बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर दर्शन करने पहुंचे उसके बाद पुराना बस स्टैंड अंबेडकर चौक में बाबा साहब अंबेडकर को माल्यार्पण कर नमन किया । चंद्रभूषण बुंदेला का काफिला बासौदा रोड से गुजरा सूचना मिलते ही परसोरा के ग्रामीण बड़ी संख्या में रोड पर पहुंचे उन्होंने कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी के नेतृत्व में पुष्प मलाओ से स्वागत किया इस दौरान कई



महिलाएं व बेटियां भी मौजूद थी मौके पर मौजूद बेटियों ने कहा साहब आप आ जाइए कोई नहीं सुनता पुराने सांसद को हमने देखा भी नहीं वही देहरी जागीर में भी जोरदार स्वागत हुआ । जहां बुंदेला ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि डराने धमकाने की राजनीति करने वालों से कह देना गुड्डू बुंदेला आया है हमें भाईचारे के साथ इस क्षेत्र की सेवा करना है इस दौरान पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी जिला प्रभारी अमित शर्मा कांग्रेस नेता गगरेंद्र रघुवंशी, किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक सुरेंद्र रघुवंशी , वैभव भारद्वाजसहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### लोकसभा चुनाव-2024

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने बरेली में मतदान दलों के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे द्वारा रविवार को उदयपुरा विधानसभा के शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज समनापुर जागीर बरेली में मतदान दलों को दिए जा रहे



प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल भी साथ रहे। उल्लेखनीय है कि संसदीय क्षेत्र 17-होशंगाबाद में शामिल रायसेन जिले के उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान सम्पन्न होना है।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे ने मतदानकर्मियों से कहा कि वह मतदान प्रक्रिया को सूक्ष्मता से जाने तथा किसी भी प्रकार की जिज्ञासा या संशय होने पर उसका समाधान प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन में मतदान दलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसके लिए मतदान दलों को निर्वाचन प्रक्रिया से भली भांति अवगत होना आवश्यक है। सभी मतदान कर्मी निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का गहन अध्ययन कर लें, जिससे कि मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने में किसी प्रकार की कठिनाई ना हो।

मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को मतदान दल के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व, मतदान केंद्र पर एक दिन पूर्व होने वाली कार्यवाही, मतदान के पूर्व की तैयारी एवं मॉक पोल, मतदान की पूर्व तैयारी एवं मॉक पोल, मॉक पोल का क्रम, मॉक पोल के दौरान मशीनों का परिवर्तन, मॉक पोल के पश्चात मशीनों की सीलिंग, वास्तविक मतदान प्रारंभ, मतदान केन्द्र में प्रवेश के लिये अनुमति धारक व्यक्ति, मतदान केंद्र पर मतदाताओं के प्रवेश का विनिमय, मतदान केंद्र और आस-पास निर्वाचन विधि का प्रवर्तन, मतदान प्रक्रिया, मतदान के दौरान की विशेष स्थितियां, बैटरी का विस्थापन, मतदान समाप्ति पर कार्यवाही, निर्वाचन अभिलेख तैयार करना एवं पैकिंग, किंग, बुकलेट प्रपत्र आदि की जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया गया।

# डॉ भीमराव.अंबेडकर जयंती पर निकली शोभायात्रा का स्वागत



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

रविवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। सुबह भारतीय जनता पार्टी ,कांग्रेस पार्टी ,बहुजन समाज पार्टी सहित कई विभिन्न संगठनों द्वारा स्थानीय पुरानी बस स्टैंड स्थित डॉ. अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उनके बात मार्ग पर चलने का संकल्प लिया किया गया।

**शहर में निकाली शोभायात्रा** – डॉ. अंबेडकर जनकल्याण समिति ने श्रीराम जानकी मंदिर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।जो नगर पालिका से होते हुए हाजीपुर बासौदा नाका लिंक रोड. छत्री नाका कस्टम पथ, कठाली बाजार, सर्राफा बाजार, कपड़ा बाजार, चांदनी चौक, कोर्ट गेट से होकर निकली. शोभायात्रा में समाजजन हाथों में ध्वज पताका लेकर चल रहे थे। बैंड बाजा की धुन पर बज रहे गीतों पर युवा झूमते नाचते चल रहे थे।. वही कलाकारों द्वारा करतब दिखाए जा रहे थे।. शोभायात्रा में डॉ. अंबेडकर जी की झांकी एवं पुष्पवर्षा करती तोप लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रही. शोभायात्रा का शहर में जगह-जगह फूल बरसा कर स्वागत किया। लिंक रोड पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि गगनेंद्र रघुवंशी ने शोभायात्रा का स्वागत किया इसके अलावा अन्य जगह विभिन्न समाज में समाजसेवी संगठनों ने स्वागत किया। इस दौरान नगर तथा ग्रामीण अंचलों से बड़ी लोग मौजूद थे।

# जिले में 15 एसएसटी टीम, 5 व्हीएसटी तथा 15 एफएसटी टीम करेंगी निगरानी

**विदिशा, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव 2024 अंतर्गत विदिशा के अन्य सीमावर्ती जिलों के चेक पॉइंट पर सतत निगरानी रखे जाने हेतु जिले में विधानसभा वार एसएसटी, व्हीएसटी और एफएसटी टीमें बनाई गई हैं। जिले की पांचो विधानसभाओं में कुल 15 एसएसटी टीमें बनाई गई हैं जिनमें प्रत्येक विधानसभा के लिए तीन-तीन टीमें शामिल हैं। प्रत्येक विधानसभा में बनाई गई तीन-तीन टीमों में क्रमशः 9-9 अधिकारी, कर्मचारी लगाए गए हैं। इस प्रकार जिले की पांचो विधानसभाओं में कुल 15 एसएसटी टीम में 45 अधिकारी, कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार प्रत्येक विधानसभा के लिए एक-एक व्हीएसटी टीम भी बनाई गई हैं। इसके अलावा जिले में प्रत्येक विधानसभा के लिए तीन-तीन एफएसटी टीम इस प्रकार कुल 15 एफ एसटी टीमें बनाई गई है जिनमें प्रत्येक विधानसभा के लिए 9-9 इस प्रकार कुल 45 अधिकारी, कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। साथ ही साथ एसएसटी, व्हीएसटी और एफएसटी टीम के लिए कुल 35 अधिकारी कर्मचारियों को रिजर्व में भी रखा गया है।

# ईद मिलन समारोह का आयोजन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

ईद के बाद ईद मिलन समारोह कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में सीनियर पत्रकार सईद खान के द्वारा अपने निवास पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शहर के पत्रकार मौजूद रहे जहां पर मीठी सेवइयां के बीच में पुलिस और पत्रकारों के बीच में विभिन्न विषयों को लेकर लेकर विचार विमर्श भी किया गया। एसडीओपी उमेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि तरह के आयोजनों से एक दूसरे के प्रति प्रेम और भाईचारा बढ़ता है ऐसे आयोजन हमेशा होते रहने चाहिए। श्रमजीव पत्रकार संघ के अध्यक्ष मुकेश रघुवंशी ने कहा कि सिरोंज की तासीर हमेशा गंगा जमानी है। सभी त्योहार हमेशा यहां पर मिल जुल कर मनाया जाते हैं । यहां के लोग हमेशा आपसी भाईचारे और प्रेम के साथ रहते हैं। पत्रकार सईद खान के द्वारा हर साल ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।। इस दौरान थाना प्रभारी संदीप सिंह



पवांर, ट्रैफिक इंचार्ज रितेश वाघेला, सीनियर पत्रकार रोहित दात शर्मा , मुकेश रघुवंशी, सुरेंद्र रघुवंशी,सईद खान, नसीम खान सलमान खान अलीम खान युवराज प्रजापति आदि मौजूद थे।

### मेट्रो एंकर

### बिजली वितरण कंपनी पर ग्रामीणों का फूटा आक्रोश

# बिजली नहीं आने से नाराज किसानों ने स्टेट हाईवे पर किया चक्का जाम, तहसीलदार ने खत्म करवाया

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

रविवार को भोपाल सिरोंज स्टेट हाईवे पर ग्राम फाजलपुर के ग्रामीणों ने गांव में दो दिनों से पंप की लाइन और कई दिनों से अटल ज्योति योजना की बिजली सप्लाई बंद होने से नाराज होकर बिजली वितरण कंपनी के खिलाफ सड़क पर बैठकर चक्का जाम अपना विरोध प्रदर्शन प्रारंभ कर दिया इसकी वजह से सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई सूचना मिलने पर तत्काल एसडीएम ने तहसीलदार संजय चौरसिया को चक्का जाम स्थल पर पहुंचा समस्या का समाधान करके चक्का जाम खत्म करवाने के लिए भेजा।

तहसीलदार प्रदर्शन स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों से बात करते हुए उनकी बात सुनी सड़क पर बैठे ग्रामीणों ने कहा कि गांव में जैसे तैसे पंप लाइन से बिजली आ रही थी वहां भी कई दिनों से बंद पड़ी हुई है शिकायत के बाद ही बिजली वितरण कंपनी के द्वारा गांव में बिजली चालू नहीं की जा रही इस वजह से हम ग्रामीणों को बूंद बूंद पानी के लिए हैरान परेशान होना पड़ रहा है। हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है गांव में अटल ज्योति योजना तो कई महीनों से दिनों से बंद पड़ी हुई है। उसको चालू करने का काम भी बिजली वितरण कंपनी के द्वारा नहीं किया जा रहे कि हम लोगों के द्वारा बिजली के बिल भी जमा किए गए हैं फिर भी हमारी सुनवाई नहीं



हो रही है।कई गंभीर आरोप भी गांव वालों ने बिजली वितरण कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों पर लगाते हुए नारेबाजी भी की इसके बाद तहसीलदार ने तत्काल बिजली वितरण कंपनी के अधिकारी और कर्मचारियों को मौके पर बुलवाकर गांव में अस्थाई रूप से बिजली चालू करवा कर ग्रामीणों की समस्या का समाधान करवाने का ठोस आश्वासन देते हुए कहा कि चक्का जाम खत्म कर दो बिजली चालू करवाने के बाद ही में यहां से जाऊंगा फिर ग्रामीणों ने तहसीलदार की बात मानते हुए चक्का जाम खत्म कर दिया दूसरी ओर तहसीलदार ने गांव में अभी बिजली सप्लाई प्रारंभ करवरकर तीन दिन के अंदर अटल ज्योति योजना को भी पूर्ण रूप से चालू करवाने के निर्देश बिजली वितरण कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों को दिए।

### गांव में बंद पड़ी सप्लाई जिम्मेदार नहीं देते ध्यान

मौसम खराब होने के बाद कई ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली लाइनों में फाइट होने के बाद भी उनका समय पर समाधान नहीं किया जा रहा दूसरी ओर कई ग्रामीण क्षेत्रों में अटल ज्योति योजना तो कई महीनो से बंद पड़ी हुई है शिकायत के बाद भी उसको चालू नहीं किया जा रहा है। ध्यान नहीं देने के कारण बिजली के तार भी गायब हो गए हैं तो कहीं ट्रांसफार्मर खराब पड़े हुए हैं कहीं पर खंभे टूट गए हैं। कई बार ग्रामीण शिकायत भी कर चुके हैं प्रदर्शन भी कर चुके हैं पर समस्या का समाधान नहीं किया जाता है । सूत्रों बताते हैं कि बिजली वितरण कंपनी के अधिकांश अधिकारी और कर्मचारियों के द्वारा जहां से उनकी सेवा होती है वहां पर जरूर नियमों को दरकिनार करते हुए बिजली चालू कर दी जाती है । दूसरी ओर जहां से इनकी सेवा नहीं होती है वहां पर इसी तरह ग्रामीणों को परेशान किया जाता है। इससे नाराज होकर ग्रामीणों को अब अपनी समस्या का समाधान करवाने के लिए चक्का जाम करना पड़ रहा है।

### इनका कहना है

*मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की बात सुनकर उनकी समस्या का समाधान करवा कर अभी बिजली चालू करवा दी है, अटल ज्योति को भी जल्दी ही चालू करवाने के निर्देश बिजली वितरण कंपनी के अधिकारियों को दिए हैं।*

***संजय चौरसिया,** तहसीलदार*



## आईपीएलः नंबर-3 पर पहुंची धोनी की टीम, सिक्स हिटर में पूरन नंबर-वन

# धोनी की टीम नंबर-3 पर पहुंची, आज एसआरएच आ सकती है टॉप-3 में

**मुंबई, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रविवार को 2 मैच खेले गए। कोलकाता नाइट राइडर्स ने पहले मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स को हराया। इसी के साथ केकेआर ने दूसरे नंबर पर अपनी स्थिति मजबूत की, वहीं एलएसजी टॉप-4 से बाहर हो गई। दूसरे मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को हराया। इस जीत से सीएसके तीसरे नंबर पर पहुंची, वहीं एमआई 8वें नंबर पर खिसक गई। एलएसजी के निकोलस पूरन सिक्स हिटर में टॉप पर पहुंच गए। पर्पल कैप आरआर के युजवेंद्र चहल और ऑरेंज कैप आरसीबी के विराट कोहली के पास है।

आज आरसीबी और एसआरएच के बीच मैच खेला जाएगा। इसे जीतकर हैदराबाद टॉप-3 में पहुंच सकती है, वहीं बेंगलुरु के पास भी अपनी स्थिति सुधारने का मौका है। रविवार के दूसरे मैच में सीएसके ने मुंबई को वानखेड़े स्टेडियम में 20 रन से हराया। सीएसके के अब 6 मैचों में 4 जीत और 2 हार से 8 पॉइंट्स हो गए। टीम तीसरे नंबर पर है, उनका रन रेट फिलहाल केकेआर से खराब है, इसलिए कोलकाता आगे है। एमआई को 6 मैच में चौथी हार मिली। 20 रन से हार के कारण टीम का रन रेट पंजाब से खराब हो गया, इस वजह से टीम 4 पॉइंट्स के साथ 8वें नंबर पर पहुंच गई। टीम को 2 जीत दिल्ली और बेंगलुरु के खिलाफ मिली, दोनों टीमें 9वें और 10वें नंबर पर हैं।

### आज हैदराबाद के पास टॉप-3 में आने का मौका

17वें सीजन में आज सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। हैदराबाद 5 मैचों में 3 जीत और 2 हार से 6 पॉइंट्स लेकर चौथे नंबर पर है। आज का मैच जीतने पर टीम 8 पॉइंट्स लेकर सीएसके से आगे तीसरे नंबर पर आ सकती है। हारने पर टीम टॉप-4 से बाहर भी हो सकती है।



### केकेआर ने दूसरे नंबर पर मजबूत की स्थिति

बता दें कोलकाता ने लखनऊ को अपने होमग्राउंड पर 15.4 ओवर में 8 विकेट से हराया। 5 मैचों में 4 जीत से केकेआर के 8 पॉइंट्स हो गए, टीम सीएसके से बेहतर रन रेट के कारण दूसरे नंबर पर है। उन्हें एकमात्र हार चेन्नई के खिलाफ ही मिली थी। पहले नंबर पर राजस्थान रॉयल्स है। लखनऊ की 6 मैचों में तीसरी हार रही, टीम को 3 ही जीत मिली। 6 पॉइंट्स व हैदराबाद से खराब रन रेट के कारण टीम 5वें नंबर पर पहुंच गई। गुजरात उनसे भी खराब रन रेट के कारण 6 पॉइंट्स के बावजूद छठे नंबर पर है।

## बेंगलुरु कर सकती है दिल्ली को पीछे



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए 17वां सीजन खराब जा रहा है, टीम को 6 में से एक ही मैच में जीत मिली। 2 पॉइंट्स लेकर टीम 10वें नंबर पर है। एसआरएच को हराने पर टीम 4 पॉइंट्स लेकर 9वें नंबर पर पहुंच सकती है। वहीं 100 या उससे ज्यादा रन के अंतर से जीतने पर टीम पंजाब और मुंबई को पीछे कर 7वें नंबर पर भी पहुंच सकती है। वहीं निकोलस पूरन ने रविवार को 4 छक्के लगाए, इसी के साथ 6 मैच में उनके 19 सिक्स हो गए। वह सिक्स हिटर में नंबर-1 पर हैं, उन्होंने रियान पराग को पीछे किया, पराग के 18 छक्के हैं। रोहित शर्मा 5 सिक्स लगाकर 15 छक्कों के साथ छठे नंबर पर पहुंचे। शिवम दुबे भी 15 सिक्स के साथ 7वें नंबर पर हैं।

### ऑरेंज कैप अब भी विराट के ही पास

आरसीबी के विराट कोहली अब भी टूर्नामेंट के टॉप रन स्कोरर बने हुए हैं, उनके नाम 6 मैचों में 319 रन हैं। एमआई के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने 105 रन की पारी खेली, इसी के साथ उनके 6 मैचों में 261 रन हो गए और वह चौथे नंबर पर पहुंच गए। आज विराट के पास टॉप पर अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका है।

### पर्पल कैप में युजवेंद्र चहल नंबर-वन

आरआर के युजवेंद्र चहल टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर हैं, उनके नाम 6 मैच में 11 विकेट हैं। एमआई के जसप्रीत बुमराह दूसरे और सीएसके के मुस्तफिजुर रहमान तीसरे नंबर पर हैं। दोनों के 10-10 विकेट हैं। आज एसआरएच के कप्तान पैट कमिंस 4 विकेट लेकर टॉप-5 में पहुंच सकते हैं।

### रोहित बाउंड्री मास्टर्स में दूसरे नंबर पर आए

रोहित शर्मा ने सीएसके के खिलाफ 11 चौके लगाए, इसी के साथ उनके 6 मैचों में 28 चौके हो गए। वह बाउंड्री मास्टर्स में दूसरे नंबर पर पहुंच गए, विराट कोहली 29 चौकों के साथ टॉप पर हैं। आज एसआरएच के खिलाफ विराट बाउंड्री मास्टर्स में अपनी बढ़त को मजबूत कर सकते हैं।



## मेट्रो बाजार

# चुनाव बाद 17 फीसदी तक महंगा हो सकता है मोबाइल पर बात करना

**मुंबई, एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के बाद मोबाइल फोन पर बात करना महंगा हो जाएगा, क्योंकि दूरसंचार कंपनियां टैरिफ में 15-17 फीसदी तक बढ़ोतरी कर सकती हैं। इसका सबसे अधिक फायदा एयरटेल को होगा। लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से एक जून तक होंगे। चार जून को परिणाम आएगा। एंटिक स्टॉक ब्रोकिंग ने एक रिपोर्ट में कहा, दूरसंचार उद्योग ने टैरिफ में अंतिम बढ़ोतरी दिसंबर, 2021 में 20 फीसदी तक की थी। दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी एयरटेल की मौजूदा प्रति ग्राहक कमाई 208 रुपये है। 2026-27 के अंत तक यह 286 रुपये तक पहुंच सकती है। एयरटेल के ग्राहकों की संख्या सालाना दो फीसदी बढ़ सकती है।



उद्योग की वृद्धि एक फीसदी है। 117 रुपये हो जाएगा 100 रुपये का रिचार्ज अगर अभी आप कोई रिचार्ज 100 रुपये का करा रहे हैं। जून के बाद इसी 100 के लिए आपको 117 रुपये देने होंगे। अगर आप 84 दिन का कोई 700 रुपये का प्लान रिचार्ज करा रहे हैं तो इसके लिए अब आपको 819 रुपये का भुगतान करना होगा।

## सौ डॉलर के पार निकल सकता है कच्चा तेल!

**नईदिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव एक बार फिर से चरम पर है. ईरान और इजरायल पहली बार आमने-सामने आ चुके हैं. पश्चिम एशिया में प्रत्यक्ष युद्ध की नौबत बनी हुई है. इस तनाव का असर पूरी दुनिया में देखने को मिल सकता है. भारत में भी लोगों की जेब पर इस संकट का असर हो सकता है. ब्रेंट क्रूड का वायदा 71 सेंट मजबूत होकर 90.45 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया. वहीं अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड के दाम में 64 सेंट की तेजी आई और यह 85.66 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया. हालांकि साप्ताहिक आधार पर दोनों के भाव में हल्की नरमी ही दर्ज की गई, लेकिन ऐसा खतरा मंडरा रहा है कि कच्चे तेल का भाव 100 रुपये प्रति डॉलर के पार निकल सकता है. पूरे सप्ताह के हिसाब से देखें तो ब्रेंट क्रूड के भाव में 0.80 फीसदी की नरमी आई, जबकि वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट के भाव में एक फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई. कच्चे तेल का यह भाव इजरायल पर ईरान के द्वारा हमला किए जाने से पहले का है. हमले की आशंका के चलते सप्ताह के अंत में कीमतों में तेजी आने लगी. उसके बाद शनिवार देर रात ईरान ने इजरायल पर 200 से ज्यादा ड्रोन व मिसाइलों से हमला किया।

## भारतीय टीम में बड़ा बदलावः निशांत, संजीत और नरेंद्र टीम में शामिल

# बैंकॉक में 25 मई से 2 जून तक होगा दूसरा विश्व ओलंपिक क्वालीफायर

**नईदिल्ली, एजेंसी**

इटली के बस्टो अर्सिजियो में हुए ओलंपिक क्वालीफाइंग स्पर्धा में भारतीय मुक्केबाजों का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। सभी मुक्केबाज ओलंपिक कोटा हासिल करने में नाकाम रहे थे। इसके बाद हाई परफॉर्मेंस निदेशक बर्नार्ड डन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। ऐसे में बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने बैंकॉक में 25 मई से 2 जून तक होने वाले दूसरे विश्व ओलंपिक क्वालीफायर के लिए टीम में छह बदलाव किए हैं। निशांत, संजीत और नरेंद्र टीम में जगह बनाने में रहे सफल- निशांत देव (71 किग्रा), संजीत (92 किग्रा) और नरेंद्र बेरवाल (+92 किग्रा) टीम में जगह बनाने में सफल रहे।

**भारत ने अब तक हासिल किए हैं चार ओलंपिक कोटाः** भारत ने पेरिस ओलंपिक के लिए अब तक चार कोटा हासिल कर लिए हैं। निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), परवीन हुड्डा (57 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ने पिछले साल एशियाई खेलों में पेरिस का टिकट कटाया था।



### अमित पंघाल की वापसी

विदेशी कोच दिमित्रुक, सीए कुटप्पा और धर्मेंद्र यादव की ओर से किए नवीनतम मूल्यांकन में विश्व चैंपियनशिप के रजत विजेता अमित पंघाल की टीम में वापसी हुई है। अमित ने 51 किग्रा में 2023 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया की जगह ली। पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन सचिन सिवाच जूनियर ने 57 किग्रा में मोहम्मद हुसामुद्दीन की जगह ली।

### इधर, महिला वर्ग में अंकुशिता-जैस्मिन टीम में शामिल

बताया जाता है कि महिला मुक्केबाजों में इटली में 66 किग्रा में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली अंकुशिता बोरो 60 किग्रा में जैस्मिन लेम्बोरिया से शीर्ष पर रहीं, वहीं 66 किग्रा में अरुंधति चौधरी सर्वश्रेष्ठ साबित हुई।

टोक्यो ओलंपिक में भारत के 9 मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया था। थापा की जगह टीम में अविनाश सबसे बड़ी हैरानी की बात अनुभवी मुक्केबाज शिव थापा को टीम में शामिल नहीं किया जाना रहा। 63.5 किग्रा में शिव थापा तीसरे स्थान पर रहे जबकि इसी वर्ग में शीर्ष पर रहते हुए अविनाश जामवाल ने उनकी जगह ली। पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन और अभिमन्यु लौरा 80 किग्रा में शीर्ष पर रहे।

## गोल्फः मनु गंडास चौथे स्थान से तीन स्थान ऊपर पहुंचे

**नईदिल्ली, एजेंसी**

गुरुग्राम के मनु गंडास ने दिन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर छह-अंडर 66 का कार्ड खेलकर कुल 13-अंडर 203 के स्कोर के साथ 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वाले निसान प्रेजेंट दिल्ली-एनसीआर ओपन 2024 के तीसरे राउंड के बाद एकमात्र बढ़त हासिल कर ली है, जो नोएडा गोल्फ कोर्स में खेला जा रहा है। आयोजन के 2022 संस्करण के विजेता मनु गंडास रातोंरात चौथे स्थान से तीन स्थान ऊपर चले गए।

## कुश्तीः जापान की नोनोका ओजाकी से भिड़ेंगी राधिका

**बिश्केक. एजेंसी**

एशियाई कुश्ती राधिका फाइनल में, अब स्वर्णिम मुकाबले की तैयारी भारत की महिला पहलवान राधिका यहां सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के 68 किग्रा वर्ग के फाइनल में पहुंची और पदक पक्का कर लिया। राधिका ने कजाखस्तान की अल्बिना कैरेगेल्डिनोवा को तकनीकी आधार पर हराया। अब वह स्वर्ण पदक मुकाबले में जापान की नोनोका ओजाकी से भिड़ेंगी।

## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना



### • पेमेंट को लेकर फंसे थे विवाद में

# 'भीगे होंठ तेरे' गाना गाने वाले कुणाल बॉलीवुड से दूर

साल 2004 में आई फिल्म 'मर्डर' में इमरान हाशमी और मल्लिका शेरावत को तो सभी ने नोटिस किया लेकिन शायद एक गायक को भूल गए. वो गायक जिन्होंने 'भीगे होंठ तेरे' जैसा सुपरहिट गाना दिया और पहले ही गाने ने उन्हें स्टार बना दिया. उस सिंगर का नाम कुणाल गांजावाला है, जो काफी समय से इंडस्ट्री से दूर हैं लेकिन एक जगह है जहां वो एक्टिव हैं और फैंस से जुड़े हैं. फिल्मों में अलग अंदाज में गाने को प्रेजेंट करने वाले कुणाल गांजावाला काफी समय से फिल्मों में गाने नहीं गाए हैं. अब फैंस जानना चाहते हैं कि आखिर वो कहां हैं।

> कुणाल ने कई सुपरहिट गाने गाए हैं. उनमें से 'दुपट्टा तेरा', 'दिल ना दिया', 'मौला मौला', 'झलक दिखला जा', 'पहले से अब ना दिन है', 'तुमसे यूं मिलेंगे' जैसे कई सुपरहिट गाने गाए हैं....

### कुणाल गांजावाला के रैगिंग ने बदली किस्मत

कुणाल गांजावाला ने एक इंटरव्यू में बताया था कि कॉलेज के समय उनके मन में सिंगर बनने की बात भी नहीं थी. ना उन्होंने कभी म्यूजिक सीखा और ना उनके फैमिली से कोई सिंगिंग में दिलचस्पी रखता था. मुंबई के एलिफिस्टेन कॉलेज में जब कुणाल गांजावाला फर्स्ट ईयर में एडमिशन लिए तो एक दिन उनका पाला सीनियर्स से पड़ा, सीनियर्स ने उनसे जबरदस्ती गाने के लिए कहा तो कुणाल ने 'नजर के सामने' और 'एक दिन बिक जाएगा' गाने गाए. इन गानों को सुनकर सीनयर्स काफी इंप्रेस हुए और उन्हें कॉलेज फेस्टिवल में गाने को कहा. जब उन्होंने गाया तो लोगों ने तारीफ की और तब से उनकी दिलचस्पी गाने की तरफ बढ़ी. उनके गाने को किसी ने सुना और महेश भट्ट को उनका नाम रिकमेंड किया. महेश भट्ट ने उन्हें 'भीगे होंठ तेरे' गाने को कहा और वो कितना हिट हुआ ये किसी से छिपा नहीं है. दरअसल, साल 2020 में कुणाल गांजावाला ने रिकॉर्ड्स लेबल पर मनमानी करने और सिंगर्स का करियर तबाह करने का आरोप लगाया. उन्होंने उस समय कहा था कि रिकॉर्ड्स लेबल सिंगर्स की पेमेंट महीनों तक नहीं आती है. इसके बाद से उन्हें फिल्मों में तो काम नहीं मिला लेकिन उन्होंने यूट्यूब चैनल खोला, कॉन्सर्ट करते हैं और उनका अपना बिजनेस भी चलता है। साल 2005 में कुणाल गांजावाला ने अपनी फेलो सिंगर गायत्री अय्यर से शादी की थी।

### • सौ किलो के गाउन में उर्फी का अनोखा अंदाज...

# सोशल मीडिया यूजर बोले- मेट गाला पर जाना था यह ड्रेस पहनकर



सोशल मीडिया संसेशन उर्फी जावेद आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उर्फी का अनोखा फैशन उन्हें लोगों के बीच खूब वाहवाही दिलाता है। उर्फी जावेद इन दिनों अपनी डेब्यू फिल्म 'एलएसडी 2' को लेकर चर्चा में है। बीते दिनों फिल्म का बोल्ड ट्रेलर रिलीज हुआ था, जिसमें उर्फी की भी झलक देखने को मिली थी। वहीं अब उर्फी अपनी इस फिल्म का प्रमोशन अलग अंदाज में करती नजर आ रही हैं। शनिवार को उन्हें मुंबई में अजीबो-गरीब नीले रंग के गाउन में देखा गया। यह गाउन परे 100 किलो का बताया जा रहा है। इसे बनाने में करीब 450 मीटर कपड़ा लगा है और पूरे आउटफिट को बनाने में दो-तीन महीने लगे। इसे 10-11 लोगों ने मिलकर बनाया है। उर्फी ने अपने इस नए लुक को अपने सोशल मीडिया साइट इंट्राग्राम पर शेयर किया है।

### उर्फी के नए लुक पर यूजर्स की राय

उर्फी जावेद के लाखों चाहने वाले हैं, तो वहीं कुछ यूजर्स उन्हें उनकी अतरंगी ड्रेस के लिए ट्रोल भी करते आए हैं। इस बार उर्फी का लुक किसी रेड कार्पेट लुक से कम नहीं है। उर्फी ने सिर्फ कुछ घंटों पहले ही अपनी इस पोस्ट को शेयर किया है। साथ ही उर्फी जावेद ने लिखा, मैं जहां खड़ी होती हूं, वहीं से रेट कार्पेट शुरू होता है। बदला लेने का बेहदतर तरीका है फैशन। इन तस्वीरों में उर्फी ने बेहद ही लंबा गाउन पहन रखा है। इस गाउन में उर्फी अलग-अलग पोज देती नजर आई। उनका यह अंदाज किसी का भी दिल जीत लेगा। उर्फी के फैंस उन्हें लगातार सोशल मीडिया पर इस लुक के लिए कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, थैंक्यू उर्फी हमें रोज फ्री में मेट गाला दिखाने के लिए। तो वहीं एक और यूजर ने लिखा, मेट गाला पर जाना था यह ड्रेस पहनकर। एक और फैन ने लिखा, मुझे यह आउटफिट बेहद पसंद आया। तो एक फैन ने लिखा, 100 तोपों की सलामी। उर्फी काम से कम, अपने फैशन से ज्यादा चर्चा में रहती हैं।

### • शूटिंग के दौरान विक्की कौशल ने चखा स्वाद

# पानी पूरी को देख खुद को रोक नहीं सके, बोले- आज मैं तो रो दूंगा...



विक्की कौशल अपनी फिल्म 'छावा' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म के लिए विक्की कड़ी डाइट फॉलो कर रहे हैं, लेकिन विक्की का एक ऐसा वीडियो सामने आया है जिसने उनकी पोल खोल दी है। इस फिल्म की शूटिंग करते वक्त विक्की ने अपनी डाइट प्लान को चीट किया है। इसका सबूत है यह वीडियो। विक्की ने अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की है, जिसमें वह डाइट को भूलाकर पानी पूरी खाते नजर आ रहे हैं, जब उन्हें पानी पूरी दिखी तो वह अपने आपको रोक नहीं पाए और खुशी से उछल पड़े। फिल्म 'छावा' में विक्की को अपने किरदार निभाने के लिए स्ट्रिक्ट डाइट और ट्रेनिंग करनी पड़ रही है, लेकिन जब उन्होंने फिल्म के सेट पर पूरी टीम के लिए पानी पूरी का इंतजाम देखा तो वह खुद को रोक नहीं पाए। अपनी डाइट को भूलाकर विक्की ने अपनी पसंदीदा पानी पूरी का मजा लिया। विक्की का गोल गप्पे खाते हुए यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में विक्की पानी पूरी का मजा उड़ाते हुए नजर आ रहे हैं। महीनों बाद विक्की ने चीट मील लिया है। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी के इस वीडियो में विक्की ने सफेद टी-शर्ट, टोपी, जूते और शॉर्ट्स पहन रखे हैं। यह वीडियो शेयर करते हुए विक्की ने लिखा, महीनों बाद चीट मील खाया तो ये पानी पूरी तो बनती थी। मैं रो दूंगा आज, लव यू अक्षय अरोड़ा।

**विक्की की आने वाली फिल्में:** विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 19 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। विक्की इन दिनों फिल्म 'बैड न्यूज' और 'छावा' की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म की शूटिंग अभी भी चल रही है। इस फिल्म में विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना की जोड़ी नजर आएगी। फिल्म में रश्मिका येसुबाई भोंसले का रोल अदा करती दिखेंगी। यह एक ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म है। फिल्म 'छावा- द ग्रेट वॉरियर' महान राजा छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है।

## फिर होगी बारिश की बौछार




भोपाल। आसमान में नमी बहुत ज्यादा है, ऐसे में बादल बन रहे हैं और बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक दो दिनों में मौसम शुष्क होगा, बादल बौछारों की स्थिति बनेगी, लेकिन तापमान में बढ़ोतरी होगी। 18 से एक और पश्चिमी विक्षोभ की संभावना है।

## क्राइम डायरी

### सचखंड एक्सप्रेस में सफर के दौरान कीमती मोबाइल और ट्रॉली बैग चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राजधानी से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों में लोगों के मोबाइल फोन और बैग चोरी होने का सिलसिला जारी है। सचखंड एक्सप्रेस में सफर के दौरान दो यात्रियों का हजारों रुपये का सामान चोरी हो गया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जीआरपी के मुताबिक नई दिल्ली में रहने वाले धर्मेंद्र सिंह पिछले दिनों सचखंड एक्सप्रेस में नांदेड़ से नई दिल्ली की यात्रा कर रहे थे। सफर के दौरान खाना खाने के बाद रात करीब साढ़े ग्यारह बजे वह अपनी सीट पर सो गए। भोपाल स्टेशन आने पर नींद खुली तो चार्जिंग पाइंट पर लगा उनका एप्पल कंपनी का मोबाइल फोन चोरी हो चुका था। इसी प्रकार फरियादी हिमांशु गौतम सचखंड एक्सप्रेस में बुरहानपुर से नई दिल्ली की यात्रा कर रहे थे। उन्होंने अपना ट्राली बैग सीट की नीचे रखा था और सो गए। भोपाल स्टेशन आने से पांच मिनट पहले नींद खुली तो देखा कि सीट के नीचे रखा उनका ट्राली बैग गायब है। बैग में इस्तेमाली कपड़े, जूत और अन्य सामान रखा हुआ था। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### आरपीएफ थाने के पास सो रहे भिखारी के बैग से 20 हजार रुपए चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** भोपाल रेलवे स्टेशन के फ्लेटफार्म क्रमांक एक स्थित आरपीएफ थाने के पास सो रहे भिखारी के बैग से बदमाशों ने बीस हजार रुपए चोरी कर लिए। जानकारी के अनुसार प्रभाकर तायड़े महाराष्ट्र का रहने वाला है। वह शहर में भीख मांगने का काम करता है। दो दिन पहले वह अपने घर जाने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचा और ट्रेन के इंतजार में आरपीएफ थाने के पास सो गया। जब उसकी नींद खुली तो देखा कि बैग में रखे बीस हजार रुपये गायब थे।

### क्लाक रूम के सामने सो रहे युवक की जेब से मोबाइल हुआ चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक एक स्थित क्लाक रूम के सामने सो रहे एक युवक की जेब से मोबाइल फोन चोरी हो गया। जीआरपी के मुताबिक भोपाल निवासी शशिकांत सिंह को पिछले दिनों फरीदाबाद जाना था। स्टेशन पहुंचने के बाद वह ट्रेन के इंतजार में क्लाक रूम के सामने सो गए। इसी बीच किसी ने उनकी पैंट की जेब में रखा मोबाइल फोन चोरी कर लिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 13 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पुष्पक एक्सप्रेस में सफर के दौरान युवक का मोबाइल चोरी, रिपाई कराई दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** पुष्पक एक्सप्रेस में सफर के दौरान एक युवक का मोबाइल फोन चोरी हो गया। जीआरपी के मुताबिक भोपाल निवासी परीक्षित शर्मा पिछले दिनों पुष्पक एक्सप्रेस के जनरल कोच में सवार होकर इटारसी से भोपाल आ रहे थे। उन्होंने अपना मोबाइल फोन बैग की ऊपर वाली पाकेट में रखा था। ट्रेन जब होशंगाबाद से आगे निकली तो उन्होंने देखा कि बैग में रखा मोबाइल फोन गायब है। आसपास तलाश करने के बाद भी जब मोबाइल का कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने जीआरपी थाना रानी कमलापति जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### स्टेशन पर सोते समय मोबाइल और रुपए चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** भोपाल निवासी सुनील सिंह पिछले दिनों संत हिरदाराम नगर स्टेशन स्थित स्टाल पर काम करते हैं। रात करीब तीन बजे वह स्टाल पर ही सो गए थे। सुबह करीब पांच बजे नींद खुली तो पैंट की जेब में रखा मोबाइल फोन और पांच सौ रुपये गायब थे। उन्होंने अपने मोबाइल पर फोन लगाया तो वह चालू था और बात करने वाला उज्जैन और मक्सी में होने की बात करता रहा। उसने मोबाइल वापस करने की बात कही थी, लेकिन बाद में मोबाइल स्विचआफ कर लिया। परेशान होकर सुनील ने जीआरपी पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवा दी।

### कुशीनगर एक्सप्रेस में युवक का मोबाइल चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** गंजबासौदा विदिशा निवासी अंशुल अहिरवार पिछले दिनों कुशी नगर एक्सप्रेस में गंजबासौदा से भोपाल की यात्रा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपना मोबाइल फोन पैंट की जेब में रखा था। निशातपुरा स्टेशन निकलने के बाद देखा तो जेब में रखा उनका मोबाइल फोन गायब था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 21 हजार रुपये बताई गई है। जीआरपी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### होटल स्क्वेयर में युवती की हत्या, मुख्य आरोपी पर हत्या का मामला दर्ज

# चार हजार में हायर की कॉलगर्ल से संबंध बनाते समय हुआ विवाद

## प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़, ब्लीडिंग से मौत का अनुमान, होटलकर्मी समेत हिरासत में एक संदिग्ध, पुलिस को अन्य की तलाश, फरीदाबाद का पता मिला, पर नहीं मिले मृतिका के परिजन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित होटल के स्क्वेयर में युवती की हत्या करने वाले मुख्य आरोपी पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने उक्त मामले में एक होटलकर्मी को भी हिरासत में लिया था, लेकिन उस पर किसी तरह का प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। युवती के परिजन से संपर्क नहीं होने के कारण पुलिस युवती का पीएम नहीं करा सकी है। पुलिस ने मुख्य आरोपी त्रतुल कुमार पांडे पर रविवार देर रात हत्या का मामला दर्ज कर लिया। युवती का पीएम नहीं होने से यह कहना मुश्किल है कि उसकी हत्या कैसे की गई है। घटनास्थल का निरीक्षण करने और डॉक्टर की सलाह लेने पर पता चला कि युवती के साथ ज्यादती हुई है। उसके प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ भी हुई है। प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ होने से अत्यधिक खून भी बहा है। एक अनुमान है कि उसकी मौत अधिक खून बहने से हुई है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही पता चल सकेंगा कि उसका गला दबाया गया है या नहींड़ पुलिस का कहना है उन्हें एक महिला समेत अन्य व्यक्ति की तलाश है।

उल्लेखनीय है कि शाहपुरा स्थित के स्क्वेयर होटल से होटलकर्मी की सूचना पर शनिवार देर रात पुलिस ने एक युवती का शव बरामद किया था। युवती अर्धनग्न अवस्था में थी। अर्धनग्न अवस्था में होने के साथ साथ उसके प्राइवेट पार्ट से काफी अधिक खून बह चुका था। युवती की



पहचान पुलिस पे कर ली है। 27 साल की युवती मूलत~ फरीदाबाद सेक्टर थ्री की रहने वाली है। उसका भोपाल का पता पुलिस को नहीं मिल सका है। पुलिस का कहना है कि आईडी कार्ड से मिले पते के आधार पर फरीदाबाद पुलिस को पहुंचाया गया था, लेकिन परिजन से संपर्क नहीं हो सका।

### बलात्कार के मामले में बंद हो चुका है आरोपी

आरोपी ऋतुल कुमार शराब पीने का आदी है। इसके अलावा वह अन्य नशे भी करता है। यह भी बताया जाता है कि उसने होटलकर्मी की मदद से चार हजार रुपए में कॉल गर्ल्स हायर की थी। साढ़े 7 बजे के आसपास होटल में युवती पहुंची थी। वहां आरोपी ने युवती से शारीरिक संबंध स्थापित करने के प्रयास किए, लेकिन वह नाकामयाब हो गया। इसी बीच युवती से किसी बात को लेकर उसकी कहासुनी हो गई और आरोपी ने मानवता को शर्मशार करने वाली घटना को अंजाम दे दिया। संदेही आपराधिक प्रवृत्ति का है और गत वर्ष उसके खिलाफ एक निजी बैंक में नौकरी करने वाली युवती बलात्कार का मामला दर्ज करा चुकी है। उस पर पूर्व में भी अन्य अपराध दर्ज है।

### गला दबाया या फिर प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ से मौत

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने होटल से जानकारी जुटाई और प्रियंका नगर कोलार निवासी ऋतुल कुमार पांडे (27) को हिरासत में लिया था। एक दिन बाद रविवार देर रात पुलिस ने हिरासत में लिए आरोपी ऋतुल कुमार पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने सनसनीखेज हत्याकांड में होटल के कर्मचारी सागर को भी हिरासत में लिया था। हालांकि उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज नहीं किया गया हे। सागर के माध्यम से ही ऋतुल कुमार ने युवती को बुलाया था।

# पेट की बीमारी से परेशान महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित छावनी पठार में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार दोपहर पड़ोस में रहने वाले परिजन उसे फांसी के फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार बबली सोनी पति धर्मेंद्र सोनी (28) छावनी पठार में रहती थी। उसका पति धर्मेंद्र सोनी इंदौर की एक कंपनी में काम करता है। बबली और धर्मेंद्र को दो बच्चे हैं। पड़ोस में ही बबली का मायका है। रविवार दोपहर बच्चे अपने ननिहाल में थे। दोपहर करीब डेढ़ बजे के आसपास घर पहुंचे तो उन्होंने बबली को फांसी के फंदे पर लटका देखा था। इसके बाद ननिहाल में पहुंचकर मौसी को जानकारी दी। परिजन बबली को फंदे से उतारकर निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां जय प्रकाश अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई। जय प्रकाश अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि बबली की मौत हो चुकी है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि बबली को पेट संबंधी कोई बीमारी थी और उसका ऑपरेशन भी परिजन करा चुके थे।



### बैरागढ़ में युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

बैरागढ़ में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस के मुताबिक अंकित पथरोड (25) काली मंदिर के पास इंद्रानगर बैरागढ़ में रहता था। रविवार की शाम करीब चार बजे उसने घर में फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए भैंसाखेड़ी स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# बुजुर्ग व्यक्ति पर युवक ने किया चाकू से प्राणघातक हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ऐशबाग में रहने वाले एक बुजुर्ग व्यक्ति पर युवक ने चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। आरोपी एक हजार रुपए मांगने के लिए बुजुर्ग के पास पहुंचा था। जब उन्होंने रुपए देने से इंकार किया तो उसने चाकू मार दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चाकूबाजी, अड़ीबाजी और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक बाग उमराव दूल्हा में रहने वाले बाबू सलाम किराए पर हाथ ठेले चलवाते हैं। उनका भतीजा फैज उर्फ कल्लू अक्सर उनके पास पैसे ले जाता था। रविवार सुबह भी वह बाबू सलाम से एक हजार रुपए मांगने पहुंचा था। बाबू ने जब उसे रुपए देने से इंकार किया तो वह गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर जेब से चाकू निकालकर गर्दन पर वार किया, लेकिन बाबू झुक गए तो चाकू उनके गाल पर लगा। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## छुरी लेकर घूम रहा बदमाश पकड़ाया

**भोपाल।** कोहेफिजा पुलिस ने छुरी लेकर घूम रहे बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी का मोबाइल और स्कूटर जब्त की गई है। अन्य वारदातों को लेकर आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति छुरी लेकर पंचवटी कॉलोनी के आउटर पर घूम रहा है। पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम अकबर खान निवासी अशोका कॉलोनी थाना शाहजहांनाबाद बताया। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। थाने लाकर पूछताछ करने पर उसने पिछले दिनों निजी अस्पताल से एक मोबाइल फोन चोरी करना स्वीकार किया, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। आरोपी के पास से एक स्कूटर भी जब्त की गई है।

**मेट्रो एंकर** पत्नी चरित्र पर करती थी संदेह, होता था अक्सर विवाद

# चौथी मंजिल से कूदकर युवक ने दी जान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कमलानगर इलाके में एक युवक ने चौथी मंजिल से कूदकर जान दे दी। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि पत्नी पति के चरित्र पर संदेह करती थी। इसे लेकर अक्सर उनके बीच विवाद होता था। इसी के चलते युवक ने यह आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस के मुताबिक, 37 साल का रवि परमार पिता कैलाशचंद्र गोविंदपुरा थाना में रहता था। कमलानगर में वह पत्नी के घर नया बसेरा मल्टी में दो बच्चों के साथ रह रहा था। रवि सिलाई का काम करता था। वह शराब पीने का आदी था। रविवार सुबह करीब 11 बजे रवि ने बिल्डिंग की चौथी मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली।



सूचना मिलते ही पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भिजवाया। मामले की जांच कर रहे कमलानगर थाने के एएसआई अकल सिंह का कहना है कि मृतक की पत्नी उसके चरित्र पर संदेह करती थी। इसके चलते आए दिन उनके बीच विवाद होता रहता था।

### कमला नगर में मल्टी से गिरकर युवक की मौत



कमला नगर में रहने वाले एक युवक की मल्टी से गिरने के कारण मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक रवि परमार पुत्र कैलाशचंद (37) नया बसेरा मल्टी में परिवार के साथ रहता था और प्रायवेट काम करता था। रविवार दोपहर वह मल्टी की छत से नीचे जा गिरा, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि रवि हादसे का शिकार हुआ अथवा छत से कूदकर उसने जान दी है। पुलिस जांच कर रही है। इधर गांधी नगर थानांतर्गत केंद्रीय जेल में बंद बंदी जयराम (46) की बीमारी के चलते इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022